यह वित्त वर्ष 26 में 15.19 लाख करोड़ रुपए रहा है। वित्त वर्ष 26 के लिए राजकोषीय घाटे का बजट में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप आना दिखाता है कि सरकार राजकोषीय समेकन के पथ पर बनी हुई है। राजस्व घाटा (जो सरकार के राजस्व व्यय और राजस्व प्राप्तियों के बीच के अंतर को दर्शाता है) वित्त वर्ष 2026 में घटकर जीडीपी का 1.55 प्रतिशत रह गया। वित्त वर्ष 2025 में यह घाटा जीडीपी का 1.7 प्रतिशत था। राजस्व घाटे में कमी को आम तौर पर सार्वजनिक वित्त की गुणवत्ता में सुधार के रूप में देखा जाता है, क्योंकि यह दर्शाता है कि सरकारी खर्च का एक बड़ा हिस्सा दैनिक व्यय के बजाय पूंजी सृजन की ओर निर्देशित किया जा रहा है।

# भारत में औद्योगिक उत्पादन अप्रैल में 4.9% बढ़ा, विनिर्माण क्षेत्र रहा आगे

मुंबई | एजेंसी

अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में वृद्धि दर अप्रैल में सालाना आधार 4.9 प्रतिशत रही है। इस दौरान विनिर्माण क्षेत्र ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है। यह जानकारी सांख्यिकी एवं कार्य म कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों में दी गई।

मंत्रालय ने पहली बार नए आधार वर्ष 2022-23 के साथ आंकड़े जारी किए है। पिछले आंकड़ों में आधार वर्ष 2011-12 था। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रही है। जल आपूर्ति,सीवरेज एवं अपशिष्ट प्रबंधन में यह 6.6 प्रतिशत और बिजली एवं गैस आपूर्ति में 4.9 प्रतिशत रही है। वहीं, खनन एवं उत्खनन में विकास दर नकारात्मक 5.1 प्रतिशत रही है। विनिर्माण क्षेत्र के अंदर मौजूद 23 उद्योग समूहों में से 17 ने अप्रैल 2026 में अप्रैल 2025 की तुलना में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है।

# आरबीआई अगली कुछ तिमाही तक ब्याज दरों को रख सकता है स्थिरः रिपोर्ट




नई दिल्ली | बिजनेस रेमेडीज

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति कमेटी (आरबीआई-एमपीसी) 3-5 जून तक होने वाली बैठक में ब्याज दरों को स्थिर रख सकती है। इसकी वजह कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी के कारण महंगाई को लेकर चिंताओं में इजाफा होना है। यह जानकारी सोमवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका-ईरान समझौते की उम्मीदों के चलते कच्चे तेल के बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड में 22 प्रतिशत की गिरावट हुई है, जिससे पिछले दो हफ्तों में भारत के एक्सटर्नल अकाउंट के आउटलुक में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। कंपनी ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि आरबीआई अगले हफ्ते ब्याज दरों को स्थिर रख सकता है और यह भारत की कंजप्शन रिकवरी स्टोरी और आय साइकिल के लिए बहुत अच्छा है।' रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया कि हॉर्मुज स्ट्रेट के खुलने के बाद कच्चा तेल फिर से 75-80 डॉलर प्रति बैरल के आसपास आ सकता है और इससे डॉलर के मुकाबले रुपए को भी सपोर्ट मिल सकता है। वहीं, आरबीआई को भी इससे अगले कुछ तिमाही में रेपो रेट को स्थिर रखने में मदद मिलेगी। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 7 प्रतिशत की वृद्धि होने से महंगाई 4.5 प्रतिशत तक पहुंच सकती है।

# भारत का मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई मई में बढ़कर 55 पर पहुंचा, नए ऑर्डरों और उत्पादन में आई तेजी

नई दिल्ली | बिजनेस रेमेडीज

एचएसबीसी फ्लैश इंडिया पीएमआई के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत का विनिर्माण यानी मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) मई में बढ़कर 55.0 पर पहुंच गया, जो कि अप्रैल के 54.7 और शुरुआती अनुमान 54.3 से अधिक है। इसका मुख्य कारण खरीद गतिविधियों, नए ऑर्डरों और उत्पादन में अप्रैल की तुलना में तेज वृद्धि रहा, जिसके चलते कंपनियों ने स्टॉक जमा



करना भी बढ़ा दिया।

मई के आंकड़ों से पता चला कि भारत के विनिर्माण उद्योग में वृद्धि लगभग 10 दिन पहले जारी किए गए शुरुआती अनुमानों की तुलना में अधिक मजबूत रही। वहीं, कच्चे माल और खरीद लागत में बढ़ोतरी अप्रैल 2022 के बाद दूसरी सबसे तेज गति से दर्ज की गई।

केवल अप्रैल 2026 में इससे अधिक वृद्धि देखी गई थी। हालांकि, तैयार उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी की दर पिछले एक वर्ष के औसत से कम रही। अंतिम पीएमआई आंकड़े बताते हैं कि मई में विनिर्माण क्षेत्र की स्थिति पिछले तीन महीनों में सबसे अधिक मजबूत हुई है। एचएसबीसी की चीफ इंडिया इकोनॉमिस्ट प्रांजुल भंडारी ने कहा कि भारत का अंतिम मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई संकेत देता है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण कंपनियों ने एहतियात के तौर पर स्टॉक बढ़ाना जारी रखा है। उत्पादन वृद्धि में तेजी आई है, जबकि खरीद गतिविधियां और तैयार माल का भंडार भी तेज गति से बढ़ा है। उन्होंने कहा कि नए ऑर्डरों में वृद्धि मुख्य रूप से घरेलू मांग की वजह से हुई, जबकि निर्यात ऑर्डरों की वृद्धि दर कुछ धीमी पड़ी है।

बिज़नेस रेमेडीज

वर्ष : 13 | अंक: 140

सम्पादकीय

## मेक इन इंडिया विजन में अभी कुछ बुनियादी चुनौतियां बाकी




भारत के मेक इन इंडिया के विजन का शुरू हुए 10 वर्ष पूरे हो चुके हैं। मेक इन इंडिया की शुरुआत 25 सितंबर, 2014 को हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाना, आयात पर निर्भरता कम करना, रोजगार बढ़ाना, और विदेशी निवेश आकर्षित करना है। वोकल फॉर लोकल, मेक इन इंडिया का ही एक मंत्र है। वर्ष, 2026 तक देखें तो यह विजन आधा पूरा माना जा सकता है। कई क्षेत्रों में बड़ी सफलता मिली है, लेकिन कई बुनियादी चुनौतियां अब भी बाकी हैं। अब तक मेक इन इंडिया के तहत विनिर्माण क्षेत्र में बड़ा विस्तार हुआ है। भारत आज दुनिया के सबसे तेज बढ़ते विनिर्माण देशों में गिना जा रहा है। मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा, रेलवे, ऑटोमोबाइल और फार्मा में तेज प्रगति हुई है। विशेष रूप से भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता बना है। मोबाइल फोन निर्यात 2014 की तुलना में कई गुना बढ़ा है। पीएलआई योजनाओं से लगभग 2 लाख करोड़ रुपए निवेश आकर्षित हुआ है। इसके अलावा रोजगार सृजन हुआ है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि पीएलआई योजनाओं से 12 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिले हैं। एफडीआई में वृद्धि हुई है। विदेशी कंपनियां अब चीन के विकल्प के रूप में भारत को देख रही हैं। कई बड़ी कंपनियों ने भारत में उत्पादन बढ़ाया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश तेज हुआ है। इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार हुआ है। जहां सरकार बंदरगाह और एक्सप्रेसवे, लॉजिस्टिक्स सुधार जैसी परियोजनाओं पर बड़े स्तर पर काम भी कर रही है। भारत अब आईफोन असेंबली का बड़ा केंद्र बन चुका है। 75 फीसदी मोबाइल आयात निर्भरता लगभग समाप्त हो गई है। उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु इलेक्ट्रॉनिक्स हब बन रहे हैं। भारत ने रक्षा आयात कम किए हैं। ब्रह्मोस, तेजस, आर्टिलरी सिस्टम का निर्यात शुरू किया है और निजी रक्षा उद्योग को बढ़ावा दिया है। पर अब भी भारत के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती यह है कि भारत अभी भी कई क्षेत्रों में केवल असेंबलिंग करता है, मूल प्रौद्योगिकी नहीं बनाता है। इसे पूरी तरह से दूर कर ही भारत मेक इन इंडिया के विजन को पूरा किया जा सकता है।

BR

**सूचना**

इस पृष्ठ पर प्रकाशित सभी विशेष लेख व्यक्तिगत सोच के आधार पर है।
संपादक

# क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता कोरा बुलबुला है या वास्तविक चुनौती?



ललित गर्ग

मानव सभ्यता के इतिहास में कुछ ऐसी क्रांतियां हुई हैं जिन्होंने जीवन की दिशा और दशा दोनों को बदल दिया। कृषि क्रांति ने मनुष्य को स्थायित्व दिया, औद्योगिक क्रांति ने उत्पादन और श्रम की परिभाषा बदली, सूचना क्रांति ने ज्ञान और संचार की सीमाएं समाप्त कर दीं। अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई की क्रांति मानव इतिहास के एक नए मोड़ पर खड़ी है। यह केवल एक तकनीकी परिवर्तन नहीं है, बल्कि मनुष्य की बुद्धि, निर्णय क्षमता, रोजगार, सामाजिक संरचना, शासन व्यवस्था और यहां तक कि उसके अस्तित्व और अस्मिता से जुड़ा प्रश्न बन चुकी है। यही कारण है कि आज विश्वभर में यह बहस तेज हो रही है कि क्या एआई मानव जीवन के लिए वरदान सिद्ध होगी या वह धीरे-धीरे मनुष्य के महत्व को ही चुनौती देने लगेगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल मशीनों को चलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह उन कार्यों को भी करने लगी है जिन्हें लंबे समय तक केवल मनुष्य की विशिष्ट क्षमता माना जाता था। लेखन, चित्र निर्माण, संगीत रचना, रोगों का निदान, न्यायिक विश्लेषण, वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रशासनिक निर्णय जैसे क्षेत्रों में इसकी बढ़ती उपस्थिति ने अनेक नए प्रश्न खड़े कर दिए हैं। यदि मशीनें सोचने, सीखने और निर्णय लेने लगेंगी तो मनुष्य की विशिष्टता क्या रह जाएगी? यह प्रश्न केवल तकनीकी नहीं, बल्कि दार्शनिक और नैतिक भी है।

मानव अस्मिता का आधार उसकी चेतना, संवेदना, रचनात्मकता और नैतिक विवेक है। एआई के पास विशाल सूचनाओं का भंडार और तीव्र गणनात्मक क्षमता अवश्य है, लेकिन उसके पास अनुभवजन्य चेतना, करुणा, आत्मबोध और मूल्यबोध नहीं है। फिर भी जब मशीनें कविता लिखती हैं, चित्र बनाती हैं और संवाद करती हैं, तब यह भ्रम उत्पन्न होने लगता है कि वे मनुष्य का स्थान ले सकती हैं। वास्तव में चुनौती यह नहीं है कि मशीनें मनुष्य बन जाएंगी, बल्कि यह है कि कहीं मनुष्य स्वयं मशीनों की तरह व्यवहार करने न लगे। यदि जीवन का प्रत्येक निर्णय गणनात्मक दक्षता और आंकड़ों के आधार पर होने लगे, तो मानवीय संवेदनाएं और नैतिक मूल्य हाशिये पर जा सकते हैं। इसी संदर्भ में एक और महत्वपूर्ण प्रश्न उभरता है कि क्या भविष्य में एक नई मानव संरचना का निर्माण होगा? विश्व के अनेक वैज्ञानिक और तकनीकी चिंतक यह मानते हैं कि आने वाले दशकों में जैविक मनुष्य और डिजिटल तकनीक के बीच की दूरी लगातार कम होगी। मस्तिष्क और कंप्यूटर के प्रत्यक्ष संपर्क, कृत्रिम अंगों, स्मृति-विस्तार तकनीकों और जैव-तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से एक ऐसे युग की कल्पना की जा रही है जहां मनुष्य और मशीन का सम्मिलित स्वरूप विकसित हो सकता है। यह संभावना जितनी आकर्षक दिखाई देती है, उतनी ही चिंताजनक भी है। यदि तकनीकी रूप से उन्नत मनुष्य और सामान्य मनुष्य के बीच गहरी खाई बन गई तो सामाजिक असमानता का एक नया रूप सामने आ सकता है।

एआई के बढ़ते प्रभाव के साथ रोजगार और अर्थव्यवस्था में भी व्यापक परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं। अनेक क्षेत्रों में नियमित और दोहराव वाले कार्य मशीनों द्वारा किए जाने लगे हैं। इससे यह आशंका उत्पन्न हुई कि बड़ी संख्या में रोजगार समाप्त हो जाएंगे। विश्व की कई बड़ी तकनीकी कंपनियों ने लागत कम करने और उत्पादकता बढ़ाने के नाम पर कर्मचारियों की संख्या घटाई है। किंतु हाल के अनुभव यह भी बताते हैं कि एआई मानव श्रम का पूर्ण विकल्प नहीं बन सकी है। जटिल निर्णय, नवाचार, मानवीय संबंधों का प्रबंधन और परिस्थितिजन्य विवेक जैसे क्षेत्रों में मनुष्य की भूमिका अभी भी केंद्रीय बनी हुई है। यहीं पर वैश्विक शोध संस्था गार्टनर की हालिया रिपोर्ट विशेष महत्व रखती है। गार्टनर ने अपनी नवीनतम विश्लेषणात्मक रिपोर्ट में संकेत दिया है कि एआई अब अत्यधिक अपेक्षाओं के शिखर से आगे बढ़कर मोहभंग के चरण में प्रवेश कर रही है। अनेक कंपनियों ने इससे तत्काल आर्थिक लाभ और उत्पादकता में चमत्कारी वृद्धि की उम्मीद की थी, लेकिन वास्तविक परिणाम अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं मिले। परियोजनाओं की ऊंची लागत, आंकड़ों की सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं, गलत या भ्रामक उत्तर देने की प्रवृत्ति और स्पष्ट उपयोगिता सिद्ध न कर पाने जैसी समस्याएं सामने आई हैं। रिपोर्ट में यह आशंका भी व्यक्त की गई है कि लगभग एक-तिहाई परियोजनाएं प्रारंभिक चरण के बाद बंद हो सकती हैं क्योंकि वे अपने निवेश के अनुरूप परिणाम देने में असफल रही हैं। यह निष्कर्ष इस धारणा को चुनौती देता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता तत्काल सभी समस्याओं का समाधान बन जाएगी।

हालांकि इसका अर्थ यह नहीं है कि एआई एक अस्थायी बुलबुला है जो शीघ्र ही समाप्त हो जाएगा। इतिहास बताता है कि हर बड़ी तकनीकी क्रांति के प्रारंभिक चरण में उत्साह और अतिशयोक्ति दोनों मौजूद रहते हैं। बाद में वास्तविक उपयोगिता के आधार पर उसका संतुलित विकास होता है। इंटरनेट के साथ भी यही हुआ था। प्रारंभिक उत्साह के बाद अनेक कंपनियां समाप्त हो गईं, लेकिन इंटरनेट स्वयं विश्व व्यवस्था का आधार बन गया। एआई के साथ भी कुछ ऐसा ही होने की संभावना है। अतः इसका अतिशयोक्ति पूर्ण महिमामंडन भी उचित नहीं है और इसके शीघ्र समाप्त हो जाने की कल्पना भी यथार्थवादी नहीं है। व्यापार जगत में एआई की भूमिका निरंतर बढ़ेगी।

उत्पादन, विपणन, ग्राहक सेवा, वित्तीय विश्लेषण और आपूर्ति प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में इसका व्यापक उपयोग होगा। इससे कार्यों की गति और दक्षता बढ़ेगी, किंतु साथ ही कार्यबल के स्वरूप में परिवर्तन आएगा। भविष्य में केवल तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि समस्या समाधान, रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और भावनात्मक समझ जैसे गुण अधिक महत्वपूर्ण बनेंगे। इसलिए शिक्षा और कौशल विकास की पूरी व्यवस्था को नए सिरे से तैयार करना होगा। प्रशासनिक क्षेत्र में भी एआई शासन को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने की क्षमता रखती है। नीतिगत विश्लेषण, संसाधनों का वितरण, स्वास्थ्य और शिक्षा योजनाओं का संचालन तथा आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में इसका उपयोग लाभकारी हो सकता है। लेकिन इसके साथ एक बड़ा खतरा भी जुड़ा है। यदि नागरिकों के व्यक्तिगत आंकड़ों का अत्यधिक संग्रह और विश्लेषण होने लगे तो निजता और स्वतंत्रता पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। इसलिए तकनीकी दक्षता और नागरिक अधिकारों के बीच संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक होगा। सैन्य क्षेत्र में एआई का प्रयोग सबसे अधिक चिंताजनक माना जा रहा है। स्वायत्त हथियार प्रणालियां, मानव रहित युद्धक उपकरण और लक्ष्य चयन करने वाली मशीनें युद्ध की प्रकृति को पूरी तरह बदल सकती हैं। यदि किसी मशीन को जीवन और मृत्यु का निर्णय करने की शक्ति मिल जाए तो नैतिक और मानवीय प्रश्न अत्यंत गंभीर हो जाएंगे। इसलिए विश्व स्तर पर ऐसी तकनीकों के नियमन और नियंत्रण की आवश्यकता लगातार महसूस की जा रही है। इन सबके बीच सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि मानव जीवन सुरक्षित, संतुलित और सार्थक कैसे बना रहे? इसका उत्तर तकनीक के विरोध में नहीं, बल्कि उसके विवेकपूर्ण उपयोग में निहित है। एआई को मानव जीवन का स्वामी नहीं, सहायक बनाना होगा। शिक्षा प्रणाली में नैतिकता, संवेदनशीलता, सह-अस्तित्व और मानवीय मूल्यों को अधिक महत्व देना होगा। मनुष्य की भावनात्मक बुद्धिमत्ता, करुणा, सहानुभूति और आध्यात्मिक चेतना ही वे क्षेत्र हैं जिन्हें कोई मशीन प्रतिस्थापित नहीं कर सकती। साथ ही, वैश्विक स्तर पर ऐसे नियमों और नीतियों की आवश्यकता है जो एआई के विकास को मानव कल्याण की दिशा में नियंत्रित करें। यदि यह तकनीक केवल कुछ शक्तिशाली कंपनियों या राष्ट्रों के हितों तक सीमित रह गई तो असमानता और संघर्ष बढ़ सकते हैं। इसके विपरीत यदि इसका उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक विकास के लिए किया जाए तो यह मानवता के लिए अभूतपूर्व अवसरों का द्वार खोल सकती है।

अंततः एआई न तो पूर्णतः वरदान है और न ही अनिवार्य रूप से अभिशाप। यह एक शक्तिशाली साधन है जिसकी दिशा और परिणाम मनुष्य के विवेक पर निर्भर करेंगे। चुनौती मशीनों से नहीं, बल्कि इस बात से है कि क्या मनुष्य अपनी मानवीयता, संवेदनशीलता और नैतिक चेतना को सुरक्षित रख पाएगा। भविष्य का प्रश्न यह नहीं है कि एआई कितनी शक्तिशाली होगी, बल्कि यह है कि मनुष्य कितना सजग, उत्तरदायी और मूल्यनिष्ठ बना रहेगा। यदि मानवता तकनीकी प्रगति और मानवीय मूल्यों के बीच संतुलन स्थापित कर सकी, तो एआई मानव विकास का नया अध्याय लिखेगी अन्यथा वही तकनीक असंतुलन, असमानता और अस्तित्वगत संकट का कारण भी बन सकती है।

# सीजीडी संस्थाओं द्वारा राज्य में 132 एलपीजी फ्री जोन चिन्हित

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

राज्य में 132 एलपीजी फ्री जोन चिन्हित किये गये हैं। यहां केवल पाइपलाइन से गैस सप्लाई की योजना है, जल्द ही सिलेंडर सप्लाई की आवश्यकता नहीं रह जाएगी। राज्य में सीजीडी संस्थाओं द्वारा औद्योगिक और व्यावसायिक संस्थाओं को पाइप लाइन से गैस कनेक्शन जारी करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को सचिवालय में राज्य की सीजीडी संस्थाओं की बैठक लेकर इस प्रगति की समीक्षा की और कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।

सीएस ने सीजीडी संस्थाओं को निर्देश दिए कि पूर्व निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार जून के अंत तक 43 हजार परिवारों तक पाइप लाइन से घरेलू गैस कनेक्शन जारी किये जाने हैं।

उन्होंने बताया कि पिछले 15 दिनों में सीजीडी संस्थाओं ने 7400 डीपीएनजी कनेक्शन जारी किये हैं। सीजीडी संस्थाएं चिन्हित एलपीजी फ्री जोन में प्राथमिकता से डीपीएनजी कनेक्शन जारी करें, ताकि जोन के सभी परिवारों को डीपीएनजी सेवाओं से जोड़ा जा सके।

सीएस ने बताया कि राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों व समन्वय का ही परिणाम है कि राज्य में प्रतिदिन डीपीएनजी कनेक्शन पहले की तुलना में दो गुना से भी अधिक हो गए हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से आग्रह किया है कि जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन से घरेलू गैस कनेक्शन के लिए पाइप लाइन बिछा दी है, वहां के उपभोक्ता आगे बढ़कर डीपीएनजी कनेक्शन सुविधा से जुड़े। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार घरेलू गैस की सस्ती और सहज उपलब्धता के लिए डीपीएनजी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

वी. श्रीनिवास ने जिला रसद अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सीजीडी संस्थाओं से समन्वय बनाते हुए आधारभूत संरचनायुक्त इलाकों में प्राथमिकता से डीपीएनजी कनेक्शन जारी कराएं। उन्होंने अवेयरनेस गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए।

माइंस एवं पेट्रोलियम विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोरा ने बताया कि राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से गत दो माह में 33 औद्योगिक कनेक्शन सहित 669 पाइप लाइन से औद्योगिक गैस कनेक्शन , 133 व्यावसायिक कनेक्शन सहित 740 पाइप लाइन से व्यावसायिक गैस कनेक्शन जारी किये जा चुके हैं।

अरोरा ने बताया कि सतत निगरानी का ही परिणाम है कि पाइपलाइन से घरेलू गैस कनेक्शन जारी करने के कार्य में भी तेजी आई है। गत 15 दिनों में 7400 परिवारों को डीपीएनजी सुविधा से जोड़ा जा चुका है। उन्होंने सभी 13 सीजीडी संस्थाओं से आधारभूत संरचना विकसित करने के काम में तेजी लाने और उपलब्ध संरचना क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्यानुसार डीपीएनजी कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिए।

खाद्य सचिव अम्बरीष कुमार ने बताया कि सभी जिला रसद अधिकारियों को सीजीडी संस्थाओं से समन्वय बनाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में पेट्रोलियम निदेशकअवधेश सिंह और आरएसजीएल प्रबंध निदेशक विनय पाटनी ने सीजीडी संस्थाओं की प्रगति से अवगत कराया। बैठक में विशिष्ट शासन सचिव, माइंस नम्रता वृष्णि, दिलीप राज शर्मा, रोहित मल्लाह, सुशील हुड्डा, गगनदीप राजोरिया व सीजीडी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

प्रोपर्टी

# मुंबई में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन मई में 12 हजार के पार, स्टांप ड्यूटी कलेक्शन 1,051 करोड़ रुपए रहा

**मुंबई | बिजनेस रेमेडीज़**

मुंबई में आवासीय रियल एस्टेट मार्केट लगातार मजबूत बना हुआ है और मई 2026 में बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) की सीमाओं में 12,315 प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन दर्ज किए गए, जो कि इस महीने के लिए बीते 14 वर्षों में सबसे बड़ा आंकड़ा है। यह जानकारी रविवार को जारी रिपोर्ट में दी गई।

नाइट फ्रैंक इंडिया द्वारा विश्लेषण किए गए आंकड़ों के अनुसार, मई में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन में साल-दर-साल आधार पर 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो बाजार की बदलती परिस्थितियों के बावजूद घर खरीदारों की निरंतर मांग को दिखाती है।

रिपोर्ट में कहा गया कि मई में महाराष्ट्र सरकार ने स्टांप ड्यूटी कलेक्शन के रूप में 1,051 करोड़ रुपए अर्जित किए हैं। प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन की वॉल्यूम में वृद्धि होने के बाद भी स्टांप ड्यूटी कलेक्शन में मई 2025 के मुकाबले एक प्रतिशत की कमजोरी देखने को मिली है।

नाइट फ्रैंक ने इस गिरावट का कारण लेनदेन के मिश्रण में बदलाव को बताया, जो रजिस्टर की जा रही प्रॉपर्टी के मूल्य में नरमी का संकेत देता है।

महीने-दर-महीने आधार पर, मई में संपत्ति पंजीकरण अप्रैल 2026 के स्तर से 14 प्रतिशत कम हो गए, जबकि स्टांप शुल्क राजस्व संग्रह में 9 प्रतिशत की गिरावट आई। क्रमिक मंदी के बावजूद, वार्षिक वृद्धि का रुझान शहर के आवासीय बाजार में मजबूत मांग की ओर इशारा करता है।

बाजार के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, नाइट फ्रैंक इंडिया में इंटरनेशनल पार्टनर, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर शिशिर बैजल ने कहा कि मुंबई का आवासीय बाजार मजबूत लचीलापन प्रदर्शित कर रहा है, और मई 2026 में एक दशक से अधिक समय में इस महीने का सबसे मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया गया है।

बैजल ने कहा, 'पंजीकरण की निरंतर मात्रा अंतिम-उपभोक्ताओं की मांग की गहराई और शहर के आवास बाजार में विश्वास को दर्शाती है। हालांकि स्टांप शुल्क संग्रह में मामूली कमी आई है, जो लेनदेन मूल्यों में कुछ सामान्यीकरण का संकेत देती है, लेकिन स्थिर मांग, बढ़ती सामर्थ्य और खरीदारों के बीच घर के स्वामित्व की निरंतर प्राथमिकता के कारण समग्र बाजार के बुनियादी सिद्धांत मजबूत बने हुए हैं।

**सदस्यता कूपन**




(केवल डाक या ई-मेल से प्राप्त करने के लिए)

| अवधि | अंक | सदस्यता शुल्क |
| --- | --- | --- |
| 1 वर्ष | 358 | 1050 |

E-mail
remediesbusiness@gmail.com

नामः ..........

पताः ..........

.......... पिनकोड ..........

फोनः.......... मो. ..........

ड्राफ्ट/चैक का विवरणः ..........

ई-मेलः ..........

बिजनेस रेमेडीज प्राप्त करने के लिए सदस्यता शुल्क बैंक अकाउंट में जमा कराये या सदस्यता फार्म भरकर चैक/डीडी के साथ कार्यालय पर भिजवायें।

Bank Account:- Business Remedies

A/c No. 61233949765 Bank Name: SBI

पताः- 217, सैकंड फ्लोर, ओके प्लस स्क्वायर, सेक्टर 7, मानसरोवर, जयपुर

फोनः- 9166611333, 9929106227

#साधारण डाक द्वारा बिजनेस रेमेडीज की डिलीवरी में अनियमितता होने पर बिजनेस रेमेडीज प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा।

कोरियर सुविधा

कोरियर के द्वारा बिजनेस रेमेडीज मंगवाने पर अतिरिक्त शुल्क लगेगा।

# सरिया-सीमेंट और स्टील हुआ महंगा, बढ़ सकते हैं घरों के रेट

**नई दिल्ली | बिजनेस रेमेडीज़**

घर बनाने में इस्तेमाल होने वाले मुख्य कच्चे माल जैसे सरिया, सीमेंट, एल्यूमीनियम और ग्लास की कीमतों में लगातार तेजी की वजह से रियल एस्टेट सेक्टर दबाव में है। वाटरप्रूफिंग सामग्री, सीलेंट, एडमिक्सचर और अन्य उत्पाद महंगे होने के साथ-साथ इनकी सप्लाई भी टाइट है, इससे परियोजनाओं की लागत और गुणवत्ता प्रबंधन दोनों पर असर पड़ रहा है। डेवलपर्स और रीयल एस्टेट विशेषज्ञों का कहना है कि यदि निर्माण सामग्रियों के बढ़ते दामों पर जल्द ही लगाम नहीं लगी तो आने वाले समय में नए घरों, फ्लैटों और रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी के रेट बढ़ना तय है। कंस्ट्रक्शन मटीरियल की महंगाई ने बिल्डरों के बजट अनुमान को पूरी तरह बिगाड़ दिया है।

रियल एस्टेट से जुड़े विभिन्न संगठनों ने केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय से राहत की गुहार लगाई है। क्रेडाई वेस्टर्न यूपी के प्रेसिडेंट दिनेश गुप्ता ने बताया कि कीमतों में वृद्धि और जरूरी उत्पादों की किल्लत से परियोजनाओं की लागत और टाइमलाइन दोनों पर भारी दबाव है। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो इसका सीधा असर नए हाउसिंग प्रोजेक्ट्स की कीमतों पर पड़ेगा. इसी वजह से सेक्टर ने सरकार से रेरा के तहत परियोजनाओं को समयसीमा में आवश्यक राहत देने की मांग की है।

उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों का कहना है कि आज के समय में केवल कीमतों का बढ़ना ही एकमात्र समस्या नहीं है, बल्कि बाजार से कई महत्वपूर्ण निर्माण सामग्रियां समय पर उपलब्ध भी नहीं हो पा रही हैं. इसके अलावा, कंस्ट्रक्शन साइट्स पर कुशल और अर्धकुशल श्रमिकों की भारी कमी है, जिससे मजदूरी की दरें काफी बढ़ गई हैं। समय पर मटीरियल न मिलने और मजदूरों की कमी के कारण प्रोजेक्ट्स की रफ्तार धीमी पड़ रही है, जिससे डेवलपर्स पर अतिरिक्त वित्तीय ब्याज और प्रशासनिक खर्च का बोझ लगातार बढ़ रहा है।

एक्सॉटिका हाउसिंग के एमडी दिनेश जैन का कहना है कि सिर्फ लागत बढ़ना ही चिंता का विषय नहीं है, बल्कि जरूरी मटेरियल की उपलब्धता भी बड़ी समस्या बन चुकी है। जब समय पर सामग्री नहीं मिलती तो प्रोजेक्ट्स की टाइमलाइन प्रभावित होती है और वित्तीय बोझ बढ़ता है। ऐसे हालात में नई परियोजनाओं की कीमतों पर दबाव बढ़ना स्वाभाविक है।

आरजी ग्रुप के निदेशक हिमांशु गर्ग के अनुसार, निर्माण लागत में लगातार बढ़ोतरी डेवलपर्स के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। यदि कच्चे माल और श्रम की कीमतों में वृद्धि लंबे समय तक जारी रहती है तो इसका असर अंततः फ्लैटों और रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी की कीमतों पर भी दिखाई दे सकता है।

केबी ग्रुप के फाउंडर राकेश सिंघल का कहना है कि रियल एस्टेट सेक्टर आज ऐसे दौर से गुजर रहा है जहां डेवलपर्स को टेक्नोलॉजी, बेहतर प्लानिंग और वैकल्पिक संसाधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। यदि हालात में सुधार नहीं हुआ तो आने वाले महीनों में घर ख़रीदार को अधिक कीमत का सामने करना पड़ सकता है।

विजन बिजनेस पार्क के फाउंडर अतुल विक्रम सिंह का कहना है कि रियल एस्टेट मार्केट में मांग अभी भी मजबूत बनी हुई है, लेकिन बढ़ती लागत और प्रोजेक्ट्स में देरी का दबाव लगातार बढ़ रहा है। यदि कच्चे माल का रेट बढ़ता रहा तो वर्तमान कीमतों पर प्रोजेक्ट पूरा करना मुश्किल होगा।

दैनिक बिज़नेस रेमेडीज़
व्यापार एवं विकास की आवाज़

प्रकाशक एवं मुद्रक पुनीत जैन द्वारा सिंघवी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स सेक्टर नं.11, अग्रवाल फार्म मानसरोवर जयपुर-302020 जयपुर से मुद्रित एवं 217, सैकंड फ्लोर, ओके प्लस स्क्वायर, सेक्टर 7, मानसरोवर, जयपुर से प्रकाशित।

संपादक : पुनीत जैन
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)
मो. 9929106227
ई-मेल: remediesbusiness@gmail.com

**डिसक्लेमर**

बिज़नेस रेमेडीज़ का उद्देश्य अपने पाठकों को व्यापार और विकास से जुड़ी सटीक, उपयोगी और भरोसेमंद जानकारी प्रदान करना है। हम प्रकाशित सामग्री की विश्वसनीयता बनाए रखने का पूरा प्रयास करते हैं, लेकिन किसी लेख में व्यक्त विचार हमेशा संपादकीय टीम की राय से मेल नहीं खा सकते। इसलिए पाठकों से निवेदन है कि किसी भी जानकारी पर आधारित निर्णय लेते समय अपने विवेक का इस्तेमाल करें। प्रकाशित सामग्री के आधार पर लिए गए किसी निर्णय या कार्यवाही की जिम्मेदारी यह प्रकाशन नहीं लेता। इस प्रकाशन में दिखाए गए सभी विज्ञापन पूरी तरह से संपादकीय सामग्री से स्वतंत्र होते हैं। विज्ञापनों में किए गए दावों या दी गई जानकारी की पुष्टि या समर्थन बिज़नेस रेमेडीज़ द्वारा नहीं किया जाता। विज्ञापन से संबंधित किसी भी जानकारी या शिकायत की पूरी ज़िम्मेदारी संबंधित विज्ञापनदाता की होगी। यहां प्रकाशित सभी लेख, रिपोर्ट और सामग्री चाहे वे स्टाफ लेखक, समाचार एजेंसियों या अतिथि लेखकों द्वारा दी गई हो, बिज़नेस रेमेडीज़ की बौद्धिक संपदा हैं। बिना पूर्व लिखित अनुमति के किसी भी सामग्री का दोबारा प्रकाशन, वितरण या प्रसारण करना कानूनन वर्जित है।

BUSINESS

## न्यूज ब्रीफ

### डी.पी.एस., उदयपुर के प्रतिभावान छात्रों का जेईई एडवांस-2026 में शानदार प्रदर्शन




उदयपुर | बिजनेस रेमेडीज

दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर की कक्षा 12वीं के अध्ययन के प्रति समर्पित, परिश्रमी, होनहार तथा प्रतिभाशाली 6 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस-2026 की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने सुरक्षित व सफल भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम बढ़ाया है। शाला के कक्षा 12 के नियमित छात्र वैभव कछवाहा (ऑल इंडिया रैंक 1903), देव गहलोत (ऑल इंडिया रैंक 3213), काव्य चिराग कोठारी (ऑल इंडिया रैंक 12492) दक्षिता अग्रवाल (ऑल इंडिया रैंक 12795) अहोना सेन, श्रेष्ठ शर्मा ने जेईई एडवांस- 2026 की परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। प्रो वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल ने खुशी प्रकट करते हुए कहा कि इन बच्चों अपनी मेहनत से मनोवांछित सफलता अर्जित की है। उन्होंने बताया कि ये बच्चे दृढ़ प्रतिज्ञा व अनुशासित होने से अन्य विद्यार्थियों के लिए एक उदाहरण बन जाते हैं। प्राचार्य संजय नरवरिया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि ये सभी छात्र विद्यालय की शान हैं, जिन्होंने दिन-रात के अथक परिश्रम से कक्षा 12 के साथ-साथ यह शानदार सफलता प्राप्त की है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रो वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल, प्राचार्य संजय नरवरिया, उपप्राचार्य राजेश धाभाई ने सभी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान कीं।

### राजस्थान में ग्रामीण सड़क नेटवर्क होगा मजबूत, 79 सड़कों की मंजूरी

जयपुर | बिजनेस रेमेडीज

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के नेतृत्व में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश के सड़क तंत्र को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने वर्ष 2026-27 की बजट घोषणा की क्रियान्विति करते हुए प्रदेश में 79 ग्रामीण सड़क निर्माण कार्यों को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की है। इनकी कुल अनुमानित लागत 68.30 करोड़ रुपये है। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा जारी इन स्वीकृतियों के तहत पाँच विधानसभा क्षेत्रों में कुल 151.75 किलोमीटर लंबाई की सड़कों के निर्माण एवं विकास कार्य किए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में अवसंरचना विकास सर्वोच्च प्राथमिकता पर है और इसी कड़ी में ग्रामीण सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। ग्रामीण सड़कों के विकास से प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे और आर्थिक विकास के नए अवसर सृजित होंगे। सड़क निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी और लोगों को सरकारी योजनाओं का बेहतर लाभ मिलेगा। झालावाड़ जिले के झालरापाटन विधानसभा क्षेत्र में 30 करोड़ रुपये की लागत से 51.05 किमी लंबाई की 21 सड़कों, झुन्झुनू जिले के नवलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 10 करोड़ रुपये की लागत से 31.15 किमी लंबाई की 26 सड़कों, जोधपुर जिले के भोपालगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 8.30 करोड़ रुपये की लागत से 5 किमी लंबाई की सड़क, अलवर जिले के राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 10 करोड़ रुपये की लागत से 33.55 किमी लंबाई की 19 विभिन्न सड़कों तथा ब्यावर जिले के जेतारण विधानसभा क्षेत्र में 10 करोड़ रुपये की लागत से 31 किमी लंबाई की 12 विभिन्न सड़कों के निर्माण की मंजूरी उप मुख्यमंत्री ने दी है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट ने पकड़ी रफ्तार

## सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की 'पैमाना' रिपोर्ट में दिखी विकास की तस्वीर

जयपुर | बिजनेस रेमेडीज

यदि दूरदर्शी और सकारात्मक परिणाम देने की सोच के साथ कार्य किया जाए, तो कुछ भी असंभव नहीं है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के इसी विज़न के चलते राजस्थान में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट नई रफ्तार पकड़ रहा है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी 'पैमाना' रिपोर्ट के आंकड़े विकास की यही कहानी बयां कर रहे हैं। इसके अनुसार राजस्थान में रेलवे, सड़क, ऊर्जा, पेट्रोलियम और नागरिक उड्डयन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की लगभग 2.72 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कुल 81 परियोजनाएं प्रगतिरत हैं।



**राजस्थान रिफाइनरी: पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति में क्रांतिकारी कदम:** प्रदेश की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक राजस्थान रिफाइनरी परियोजना का जल्द ही उद्घाटन किया जाना है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत संचालित इस परियोजना की लागत 79 हजार 459 करोड़ रुपये है। बाड़मेर के पचपदरा में बनी इस रिफाइनरी से ना केवल राजस्थान बल्कि पूरे पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति में क्रांतिकारी बदलाव आएगा और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके साथ ही बाड़मेर में एचपीसीएल द्वारा 461 करोड़ रुपये की लागत से पेट्रोकेमिकल निकासी एवं विपणन टर्मिनल परियोजना भी प्रगति पर है, जिसे दिसंबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है।

**एनर्जी ट्रांसमिशन से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता राजस्थान:** राजस्थान में ऊर्जा के क्षेत्र में काफी संभावनाएं होने के कारण बड़े स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। प्रदेश में 75 हजार करोड़ रुपये से अधिक की एनर्जी ट्रांसमिशन की 19 परियोजनाएं चल रही हैं, जिनमें बहुराज्यीय प्रोजेक्ट्स भी शामिल हैं। इनमें 25 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली 'राजस्थान पार्ट-1 पावर ट्रांसमिशन परियोजना' राजस्थान के साथ मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश तक फैली है।

**पटरी पर रफ्तार पकड़ रहा रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर:** रेलवे क्षेत्र की बात की जाए, तो राजस्थान में उत्तर-पश्चिम रेलवे की 23 परियोजनाएं चल रही हैं, जिनकी लागत 1 लाख 64 हजार 998 करोड़ रुपये है। जिनमें लगभग 1 लाख 55 हजार 524 करोड़ रुपये की लागत की 10 बहुराज्यीय परियोजनाओं के अलावा प्रदेश में भी कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। एक लाख 24 हजार करोड़ रुपये की लागत से गुजरात-हरियाणा-महाराष्ट्र-राजस्थान और उत्तरप्रदेश से गुजरने वाले वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का कार्य पूर्ण होने जा रहा है। प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने वाले प्रोजेक्ट्स में 968 करोड़ रुपये की देवगढ़ मदारिया से नाथद्वारा, 166 करोड़ रुपये की नाथद्वारा-नाथद्वारा टाउन, 799 करोड़ रुपये की पुष्कर-मेड़ता सिटी, 189 करोड़ रुपये लागत की पोकरण-रामदेवरा नई रेल लाइन ऐतिहासिक कदम साबित होंगी। वहीं, 166 करोड़ रुपये की वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के रखरखाव एवं कार्यशाला डिपो परियोजना, 1 हजार 634 करोड़ की अजमेर-चंदेरिया दोहरीकरण, 468 करोड़ की सादुलपुर-चूरू दोहरीकरण, 747 करोड़ के धौलपुर-सरमथुरा गेज परिवर्तन, 967 करोड़ की गुढ़ा-ठाठा मीठड़ी नई रेल परियोजना, 1 हजार 203 करोड़ की सवाईमाधोपुर-जयपुर रेलवे लाइन तथा 1 हजार 390 करोड़ रुपये की आगरा फोर्ट-बांदीकुई दोहरीकरण जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स भी प्रदेश में चल रहे हैं।

**सरपट दौड़ रहा सड़कों के विकास का रथ:** राजस्थान में सड़क मार्गों के विकास के जरिये आधारभूत संरचनाओं का विकास रथ भी तेज गति से दौड़ रहा है। प्रदेश में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के साथ एनएचएआई के द्वारा लगभग 18 हजार करोड़ रुपये की 28 सड़क एवं राजमार्ग परियोजनाएं चल रही हैं। इनमें राजस्थान से गुजरने वाला लगभग 6 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत का दिल्ली-वडोदरा ग्रीनफील्ड अलाइनमेंट भी शामिल है। वहीं, लगभग 195 करोड़ की लागत से एनएच-25 पर पचपदरा-बागुंडी खंड का चार लेन और 379 करोड़ की लागत से अजमेर-जोधपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्यावर-गोमती चार लेन का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है।

**रनवे पर राजस्थान की ऊंची 'उड़ान':** राजस्थान में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण 2 हजार 874 करोड़ रुपये लागत की 3 महत्वपूर्ण परियोजनाएं क्रियान्वित कर रहा है। बूंदी-कोटा में 1 हजार 507 करोड़ की नई ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजना को अगस्त 2025 में स्वीकृति मिली और नवंबर 2027 तक पूर्ण होने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह परियोजना हाड़ौती क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसी प्रकार उदयपुर हवाई अड्डे पर 887 करोड़ रुपए की एकीकृत टर्मिनल परियोजना को पूर्ण करने का लक्ष्य सितंबर 2026 तय किया गया है। वहीं, जोधपुर हवाई अड्डे पर 480 करोड़ रुपए की नए घरेलू यात्री टर्मिनल परियोजना लगभग पूर्ण हो चुकी है।

### महाराणा प्रताप सभागार में सुरीला कारवां का आयोजन 14 जून को

**जयपुर| बिजनेस रेमेडीज।** संकल्प कल्चरल सोसायटी का लाइव ऑर्केस्ट्रा म्यूजिकल कार्य म सुरीला कारवां 14 जून सायं 6.15 बजे विद्याश्रम स्थित महाराणा प्रताप सभागार में आयोजित किया जाएगा। संस्था संस्थापक राजेश शर्मा ने बताया कि देश के मशहूर ऑर्केस्ट्रा डो-रि-मी के साथ शहर के कई प्रोफेशनल्स और शौकिया सिंगर्स परफॉर्मेंस देंगे। प्रोफेशनल सिंगर्स में दो पुरुष और तीन महिला तथा पंद्रह शौकिया कलाकार संकल्प कल्चरल सोसायटी के होंगे। जया शर्मा ने बताया कि इस दौरान मेंडोलिन व गिटारिस्ट विवेक उपाध्याय को सम्मानित किया जाएगा।

## पीएम पोषण योजना के भोजन की पौष्टिकता एवं गुणवत्ता जांच के लिए अधिकारी विद्यालयों में निरंतर निरीक्षण करें: मुख्य सचिव

जयपुर | बिजनेस रेमेडीज

मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने सोमवार को पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना की राज्य स्तरीय संचालन एवं निगरानी समिति की बैठक सचिवालय में ली और योजना की मॉनिटरिंग अधिक प्रभावी ढंग से करने के निर्देश दिए। बैठक में समिति ने केन्द्र सरकार द्वारा इस योजना के लिए राजस्थान को स्वीकृत 953.97 करोड़ रुपये संबंधी अनुमोदन किया। मुख्य सचिव ने योजना के पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए पीएम पोषण योजना के RAJSIMS पोर्टल को तत्काल अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को राज्य के विभिन्न विद्यालयों में निरंतर भ्रमण एवं निरीक्षण करने के निर्देश भी प्रदान किए। बैठक में अवगत कराया गया कि बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुसार संतुलित व पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य, पोषण स्तर व शैक्षणिक विकास को सशक्त आधार दिया जा रहा है। इस योजना से बच्चों में कुपोषण स्तर कम हो रहा है, ड्रॉप आउट कम हुआ है और शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ रही है।



मुख्य सचिव को श्री कृष्ण भोग योजना से भी अवगत कराया गया। यह योजना राज्य सरकार का नवाचार है, जिसका बेहतरीन प्रभाव देखा गया है। प्रधानमंत्री जी ने भी राज्य सरकार के इस नवाचार की प्रशंसा की है। श्री कृष्ण भोग योजना न केवल बच्चों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति कर रही है, साथ ही, कुपोषण एवं एनीमिया जैसी समस्याओं को कम करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। योजना में वर्ष 2025-26 में 60 लाख 54 हजार 768 भोजन थाली परोसी गई।

मुख्य सचिव को अतिथि माता कॉन्सेप्ट से भी अवगत कराया गया, जिसमें विद्यार्थियों की माताओं एवं महिला अभिभावकों को विद्यालय में आमंत्रित कर मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता स्वच्छता और पोषण मानकों एवं वितरण व्यवस्था का निरीक्षण करवाया जाता है। बच्चों को परोसे जाने वाले भोजन के स्वाद और गुणवत्ता परीक्षण के लिए भोजन भी करवाया जाता है। जिस पर माताएं एवं महिला अभिभावक अपनी प्रतिक्रिया भी दर्ज करवाती हैं। इस पहल के अन्तर्गत अभी तक 55 लाख 19 हजार 810 अतिथि माताओं द्वारा विद्यालयों का भ्रमण कर मध्याह्न भोजन व्यवस्था का अवलोकन किया गया है।

बैठक में स्कूल शिक्षा के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश यादव, यूडीएच अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक गुप्ता, ग्रामीण विकास के शासन सचिव कृष्ण कुणाल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति के शासन सचिव अम्बरीष कुमार, संयुक्त सचिव वित्त (व्यय) डॉ. भारती दीक्षित, आईसीडीएस निदेशक वासुदेव मलावत, मिड-डे-मिल आयुक्त विश्व मोहन शर्मा, शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं पी एम पोषण योजना से जुड़े अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### रीको की विशेष पहल- कार्यस्थल पर मिलेंगी खेल सुविधाएं, युवा शीघ्र शुरू कर सकेंगे अपना उद्योग

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जयपुर | बिजनेस रेमेडीज

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर रीको द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में खेल सुविधाओं के विकास और 'प्लग एंड प्ले' आधारित सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। रीको द्वारा प्लग एंड प्ले तथा स्पोर्ट्स फैसिलिटी के लिए आवेदन आमंत्रित किये थे। ऐसे 15 भूखंडों पर ई-बिडिंग हुई है। अतः इन 15 भूखंडों का रेंटल बेसिस पर आवंटन किया जा रहा है, जिसमें 12 भूखंड खेल सुविधाएं और 3 भूखंड 'प्लग एंड प्ले' के लिए हैं। जयपुर जिले में सीतापुरा फेज-तृतीय, अपैरल पार्क और बगरू (छितरौली), कोटा के इंद्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र, जोधपुर के बोरानाडा, सिरोही के आबू रोड (अर्बुदा), खैरथल-तिजारा के भिवाड़ी (कारोली), झुंझुनू-द्वितीय, अजमेर के किशनगढ़, पाली फेज-IV, सवाई माधोपुर के खेरडा और सीकर के रींगस विस्तार औद्योगिक क्षेत्रों में खेल सुविधाओं के लिए भूखंडों का आवंटन किया जा रहा है। जयपुर जिले के सीतापुरा फेज-तृतीय, जोधपुर के बोरानाडा स्थित एग्रो फूड पार्क तथा कोटा के एग्रो फूड पार्क (रानपुर) में प्लग एंड प्ले के लिए भूखंडों का आवंटन किया जा रहा है।

इन आवंटित किये जा रहे भूखंडों का कुल क्षेत्रफल करीब 9 एकड़ है, जिससे करीब 228 लाख रुपए का वार्षिक किराया रीको को प्राप्त होगा। उक्त भूखंडों का आवंटन 15 वर्षों के लिए किया जा रहा है। तत्पश्चात 10 वर्षों का विस्तार भी नियमानुसार दिया जा सकेगा।

यह सुविधाएं नए उद्यमियों को बिना किसी शुरुआती निर्माण बाधा के तुरंत काम शुरू करने में मदद करेंगी और रोजगार के नए अवसर सृजित करेंगी।

### गौरीक लोढ़ा ने बनाया इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान



उदयपुर | बिजनेस रेमेडीज

प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उदयपुर के 5 वर्षीय बाल प्रतिभा गौरीक लोढ़ा ने एक ऐसी उपलब्धि हासिल की है, जिसने न केवल शहर बल्कि पूरे राजस्थान का गौरव बढ़ाया है। आंखों पर पट्टी बांधकर एक साथ दो खिलाड़ियों के साथ ब्लिट्ज शतरंज खेलने का अनोखा कीर्तिमान स्थापित कर गौरीक ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। इतनी कम उम्र में हासिल की गई यह उपलब्धि गौरीक की असाधारण स्मरण शक्ति, गहन एकाग्रता और अद्भुत मानसिक क्षमता का प्रमाण है। उन्होंने बिना किसी दृश्य सहायता के केवल अपने दिमाग में शतरंज की बिसात और चालों को याद रखते हुए दो अलग-अलग खिलाड़ियों के साथ एक साथ मुकाबला खेलकर सभी को हैरत में डाल दिया। इस रिकॉर्ड की आधिकारिक पुष्टि 16 अप्रैल 2026 को हुई। उस समय गौरीक की आयु मात्र 5 वर्ष 8 माह 13 दिन थी। विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी छोटी उम्र में इस स्तर का प्रदर्शन दुर्लभ है और यह भविष्य में बड़ी उपलब्धियों की मजबूत नींव साबित हो सकता है। गौरीक की इस सफलता के पीछे सुनियोजित प्रशिक्षण और निरंतर अभ्यास की अहम भूमिका रही। डॉ. पद्मीना जैन के मार्गदर्शन तथा जयपुर स्थित ए ब्रेन कोच के प्रशिक्षकों प्रवीण पारीक और निशा पारीक द्वारा दिए गए सेंसरी एन्हांसमेंट ट्रेनिंग ने उनकी मानसिक क्षमता को नई दिशा प्रदान की।

### दुनिया भर के 80 देशों में मनाया गया इवेंट मैनेजर्स डे

जयपुर | बिजनेस रेमेडीज

विश्व के कोने-कोने में मौजूद इवेंट मैनेजर्स को समर्पित 'इवेंट मैनेजर्स डे' 31 मई, को दुनिया के 80 देशों और अनगिनत शहरों में धूमधाम से मनाया गया।

इवेंट मैनेजर्स डे के ग्लोबल कन्वीनर, अरशद हुसैन ने बताया कि इस ग्लोबल इनीशिएटिव के अन्तर्गत इस साल की थीम ग्लोबल पीस थ्रू इवेंट्स को लेकर पिंकसिटी के आमेर रोड स्थित होटल इंडियाना पैलेस में मुख्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आतिशी नजारों के बीच भव्य समारोह में एंटरटेनमेंट में सेलिब्रेट हुआ। उल्लेखनीय है कि 2013 पूर्व इवेंट मैनेजर्स डे की शुरुआत जयपुर से ही हुई थी। इस समारोह में इवेंट प्रोफेशनल्स की मेहनत और समर्पण को समर्पित एक 'इवेंट मैनेजर्स एंथम' भी जारी किया गया।



कार्यक्रम के दौरान एक सत्र 'लेट्स टॉक इवेंट्स' का आयोजन भी हुआ, जिसमें इवेंट इंडस्ट्री की भूमिका, चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा हुई। जिसमें प्रीतेश शर्मा, गुंजन सिंघल, अजीत सिंह, एस.के. रॉय, सुमन रैना और हितेंद्र शर्मा ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर फोरम के पूर्व, अध्यक्ष, मोहित महेश्वरी, महावीर शर्मा, हरप्रीत बग्गा, जर्नल सेक्रेटरी, भुवनेश अग्रवाल (चावल वाला) और सभी ट्रेवल, टूरिज्म और हॉस्पिटेलिटी एसोसिएशन के मेंबर्स उपस्थित रहे। आज इवेंट्स केवल समारोहों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे समाज को जोड़ने, संवाद बढ़ाने और सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बन चुके हैं।

वक्ताओं ने कहा कि इवेंट इंडस्ट्री आज वैश्विक स्तर पर लोगों और संस्कृतियों को जोड़ने का कार्य कर रही है। इवेंट मैनेजर्स डे इसी योगदान को पहचान देने और इवेंट प्रोफेशनल्स को सम्मानित करने का अवसर है।

## धुआं-धूप

धुआं और धूप दोनों की तुलना करिए। क्या अच्छा है क्या बुरा। या कभी कोई अच्छा कभी कोई बुरा। चिंतन की चौखट पर समाधान मिलेगा। धुएं में काम करने से आंखों की रोशनी कम हो जाती है तब मानव अपनी निर्धारित पहुंच खो बैठता है। बीड़ी सिगरेट चिलम आदि का धुआं सेहत को मटियामेट कर देता है। इतना सब सामने होते हुए भी चेतना जिंदगी के दुर्लभ श्वासों का धुआं देखकर हर्षाए हैं ना आश्चर्य। कभी अगरबत्ती का धुआं प्रिय लगता है क्योंकि वो मन को महका देता है तन को ताजगी से भर लाता तो कभी गीली लकड़ी कण्डों का धुआं आंखों को पानी से भिगो देता है। विवेक रखिए, जिंदगी को कफन का धुआं लगे उससे पहले अगरबत्ती की तरह चिंतन, सद्‌गुणों की खुशबू से तर कर लें ताकि लकड़ी कंडे के खारे धुएं की तरह आंसुओं के सहारे घुट-घुट कर ना रहे और जब धूप के सहारे कोई मंगल कार्य किया जाता है तब चेहरों को नूर मन भावन पर नजर आता है। सर्दी की बर्फीली हवाएं अपना रूख बरसा रही होती है तो कभी जेठ-बैसाख की भरी दुपहरी में चिलचिलाती धूप मरूप्रदेश में राहगीर को बेहाल भी कर देती है। कठिनाई की धूप में स्वयं को संतुलन के साथ मांगलिक मिशाल की मिसाल बनाएं न कि तपती गर्मी की धूप की तरह बेहाल करें।

चिंतनशीला वसुमति जी मा.सा.

## सुमेरपुर के तख्तगढ़ में डेढ़ करोड़ की लागत से बनेगा बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय: कुमावत

जयपुर | बिजनेस रेमेडीज

पाली जिले की सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के तख्तगढ़ कस्बे में पशुपालकों को एक बड़ी सौगात मिली। पशुपालन एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने तख्तगढ़ में राजकीय बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय के नए भवन निर्माण कार्य का विधि-विधान से शिलान्यास किया। इस आधुनिक चिकित्सालय भवन का निर्माण डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से करवाया जाएगा।

शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि हमारी सरकार राजस्थान के ग्रामीण अंचलों की अर्थव्यवस्था की रीढ़, यानी हमारे पशुपालकों और किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राजस्थान देश का दूसरा सबसे बड़ा पशुधन वाला राज्य है, और हमारे ग्रामीण परिवारों की आजीविका सीधे तौर पर गोवंश और अन्य पशुधन से जुड़ी है। तख्तगढ़ में बनने वाला यह डेढ़ करोड़ का बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय इस पूरे क्षेत्र के मूक पशुओं के लिए संजीवनी साबित होगा और पशुपालकों को अब गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।



कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हमने सुमेरपुर, बाली और तख्तगढ़ के पशु चिकित्सालयों के सुदृढ़ीकरण के लिए 5 करोड़ रुपए की विशेष मंजूरी दिलवाई थी, जिसके तहत आज तख्तगढ़ में इस भवन निर्माण का कार्य शुरू हो रहा है। हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर पशु चिकित्सालय और उप-केंद्रों की सुदृढ़ व्यवस्था हो, ताकि हर बीमार पशु को समय पर और आधुनिक इलाज मिल सके।

इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण व पशुपालक उपस्थित रहे।

आवश्यकता

बिज़नेस रेमेडीज दैनिक समाचार पत्र को कोटा, अजमेर, बीकानेर, जोधपुर, पाली में खबरों एवं विज्ञापन कार्य हेतु प्रतिनिधि की आवश्यकता है

सम्पर्क करें

बिज़नेस रेमेडीज

217, सैकंड फ्लोर, ओके प्लस स्क्वायर, सेक्टर 7, मानसरोवर, जयपुर

फोन: +91-9929106227

ई-मेल: remediesbusiness@gmail.com

# 'श्रीजी ग्लोबल एफएमसीजी लिमिटेड' ने वित्त वर्ष 2026 में किया रिकॉर्ड तोड़ वित्तीय प्रदर्शन, हासिल किया 62.83 फीसदी अधिक 1992.04 लाख रुपए का मुनाफा

## कंपनी ने घोषित किया 0.25 रुपए का अंतिम लाभांश

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज**

गुजरात के राजकोट आधारित 'श्रीजी ग्लोबल एफएमसीजी लिमिटेड' 'शेठजी' ब्रांडनेम से पिसे और साबुत मसालों, ब्लैंडेड मसाले, बीजों, अनाज, दालों, आटे और अन्य खाद्य उत्पादों की आपूर्ति करने वाली प्रमुख कंपनी है। कंपनी ने वित्त वर्ष 26 की दूसरी छमाही और वार्षिक अंकेक्षित परिणामों की घोषणा की है। कंपनी ने 31 मार्च 2026 को समाप्त छमाही और पूरे वर्ष के लिए अपने वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। बैलेंस शीट के अनुसार 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 65226.83 लाख रुपए के मुकाबले करीब 18.01 फीसदी अधिक 76975.74 लाख रुपए का समेकित राजस्व अर्जित किया है। 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 1223.34 लाख रुपए के मुकाबले 62.83 फीसदी अधिक 1992.04 लाख रुपए का समेकित कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 की दूसरी छमाही में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 30078.94 लाख रुपए के मुकाबले 57.98 फीसदी अधिक 47519.51 लाख रुपए का समेकित राजस्व अर्जित किया है। 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 की दूसरी छमाही में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 570.87 लाख रुपए के मुकाबले 54.38 फीसदी अधिक 881.36 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

कंपनी की बोर्ड मीटिंग में निदेशक मंडल ने प्रति शेयर 0.25 रुपए का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है।




**कारोबारी गतिविधियां:** 2018 में निगमित, श्रीजी ग्लोबल एफएमसीजी लिमिटेड पिसे हुए और साबुत मसालों, बीजों, अनाजों और दालों और आटे का निर्माण और प्रसंस्करण करती है। कंपनी के उत्पादों का विपणन ब्रांडनेम "शेठजी" और व्हाइट लेबल (ग्राहकों का लोगो) के अंतर्गत किया जाता है। कंपनी के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में साबुत मसालों, पिसे हुए मसालों,ब्लैंडेड मसाले, तिलहन, आटे और दालों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जिन्हें कंपनी के संयंत्र में मानकीकृत तकनीकों का उपयोग करके तैयार किया जाता है। कंपनी पिसे हुए पाउडर मसालों का निर्माण सफाई, ग्रेडिंग, छंटाई और पीसने के एक संरचित क्रम के माध्यम से करती है, जिसका उद्देश्य मसाला पाउडर और बीज की एक सुसंगत और स्थिर श्रृंखला प्रदान करना है। कंपनी की उत्पाद श्रृंखला में चना, जीरा,धनिया, तिल, मूंगफली, कलौंजी, सौंफ, धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और हल्दी पाउडर आदि शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक उत्पाद को बनावट, सुगंध और शेल्फ लाइफ में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित गुणवत्ता मानकों के तहत निर्मित किया जाता है। यह प्रक्रिया कंपनी को अपने ब्रांड 'शेठजी' के तहत कच्चे, प्रसंस्कृत और मूल्यवर्धित कृषि उत्पादों को वितरित करने में सक्षम बनाती है और कंपनी रिटेल और थोक क्षेत्रों में विभिन्न ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करती है।

कंपनी संयुक्त अरब अमीरात से मेडागास्कर लौंग और धनिया के बीज, श्रीलंका से कम वसा वाला सूखा नारियल, वियतनाम से शरदकालीन स्टार ऐनीज़, सिगार कैसिया, टूटा हुआ कैसिया, स्प्लिट कैसिया और सिंगापुर से मिलिंग गेहूं (गैर-जीएमओ, फसल 2023) जैसी कुछ कृषि वस्तुओं का भी आयात करती है, जिनका प्रसंस्करण इसके आंतरिक संयंत्र में किया जाता है। कंपनी मेडागास्कर से आयातित लौंग की प्रमुख वितरक है।

कंपनी व्यापारियों, छोटे व्यवसायों और बड़ी कंपनियों को उत्पाद बेचती है। कंपनी 20 ग्राम से लेकर 40 किलोग्राम तक के विभिन्न पैकेजिंग आकारों में उत्पाद उपलब्ध कराती है। राजकोट और मोरबी में कंपनी की दो रणनीतिक रूप से स्थित विनिर्माण और प्रसंस्करण सुविधाएं स्थापित हैं।

**इंफ्रास्ट्रक्चर:** कंपनी के व्यवसाय का एक महत्वपूर्ण लाभ कंपनी मज़बूत इंफ्रास्ट्रक्चर संरचना है, जो सुव्यवस्थित संचालन, बेहतर दक्षता और भविष्य के लिए उपयुक्त मापनीयता को सक्षम बनाती है। 1205, द स्पायर, 150 फ़ीट रिंग रोड, अयोध्या सर्कल के पास, राजकोट, गुजरात - 360005 में स्थित कंपनी के सुसज्जित पंजीकृत कार्यालय के अलावा, कंपनी ने रणनीतिक रूप से स्थित और पूरी तरह से सुसज्जित दो विनिर्माण और प्रसंस्करण सुविधाएं स्थापित की हैं। ये प्लॉट संख्या 72, कुवाडवा जीआईडीसी, राजकोट-अहमदाबाद राजमार्ग, कुवाडवा - 360023, जिला राजकोट, और प्लॉट संख्या 8 और 9, श्रीनाथजी इंडस्ट्रियल जोन - 11, कुवाडवा-वांकानेर रोड, ग्राम खेरवा, तालुका वांकानेर, जिला मोरबी - 363621 पर स्थित हैं।

# आरबीएम इंफ्राकॉन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 में 52.75 फीसदी अधिक 49273.04 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज**

आरबीएम इंफ्राकॉन लिमिटेड ने 31 मार्च 2026 को समाप्त छमाही और पूरे वर्ष के लिए अपने वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। कंसोलिडेटेड बैलेंस शीट के अनुसार 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 32257.27 लाख रुपए के मुकाबले करीब 52.75 फीसदी अधिक 49273.04 लाख रुपए का समेकित राजस्व अर्जित किया है।

31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 2946.94 लाख रुपए के मुकाबले 53.63 फीसदी अधिक 4527.55 लाख रुपए का समेकित कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 की दूसरी छमाही में कंपनी ने 28853.89 लाख रुपए का समेकित राजस्व और 1836.15 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

**कारोबारी गतिविधियां:** आरबीएम इंफ्राकॉन लिमिटेड के पास मैकेनिकल और सिविल इंजीनियरिंग निर्माण सेवाओं और तेल और गैस उत्पादन में ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) अनुबंधों में अनुभव और विशेषज्ञता का खजाना है। कंपनी की प्रतिबद्धता विभिन्न उद्योगों के लिए व्यापक समाधान प्रदान करने में निहित है, जिसमें रिफाइनरियां, जेटी, पेट्रोकेमिकल्स, उर्वरक, सीमेंट, बिजली संयंत्र, मेट-कोक विनिर्माण और उससे आगे शामिल हैं। आरबीएम इंफ्राकॉन में उत्कृष्टता एक आधारशिला है, जो अद्वितीय सेवाएं प्रदान करती है जो मैकेनिकल और सिविल विषयों के स्पेक्ट्रम में गुणवत्ता, नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के प्रति समर्पण को दर्शाती है। निर्माण बाजार में कंपनी की अग्रणी उपस्थिति तीन दशकों से अधिक के अनुभव द्वारा समर्थित है, जो आज भविष्य की मांगों को पूरा करने के लिए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ विभिन्न क्षेत्रों को अनुकूलित समाधान प्रदान करती है।

कॉर्पोरेट कार्यालय गुजरात के जामनगर में स्थित है, जिसका पंजीकृत उपग्रह कार्यालय अहमदाबाद में है और परियोजना कार्यालय भारत के विभिन्न राज्यों में फैले हुए हैं। एक अच्छी तरह से विकसित औद्योगिक क्षेत्र में स्थित, कॉर्पोरेट कार्यालय प्रमुख ग्राहकों, संसाधनों और सुव्यवस्थित रसद तक आसान पहुंच से लाभान्वित होता है। यह ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुसार समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करता है, अक्सर अपेक्षाओं से अधिक और समकक्षों पर प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्रदान करता है।

# इटकॉन्स ई-सॉल्यूशंस लिमिटेड को आईसीएमआर से 1.23 करोड़ रुपए का ऑर्डर मिला

**नई दिल्ली | बिजनेस रेमेडीज**

मानव संसाधन क्षेत्र में कार्यरत प्रमुख कंपनी इटकॉन्स ई-सॉल्यूशंस लिमिटेड ने शेयर बाजारों को सूचित किया है कि कंपनी को कंपनी को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा एक नया अनुबंध प्राप्त हुआ है, जिसके तहत हमें एक वर्ष की अवधि के लिए 33 मानव संसाधन उपलब्ध कराने हैं। अनुबंध का कुल मूल्य 12304256.25 रुपये (एक करोड़ तेईस लाख चार हजार दो सौ छप्पन और पच्चीस पैसे मात्र) है, जिसमें सभी कर और शुल्क शामिल हैं। यह अनुबंध 2 जून, 2026 से शुरू होगा और 1 जून, 2027 तक लागू रहेगा,जब तक कि दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से इसे आगे नहीं बढ़ाया जाता। कंपनी प्रबंधन के अनुसार यह अनुबंध कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और सरकारी एजेंसियों द्वारा कंपनी पर रखे गए निरंतर विश्वास को दर्शाता है।

**कारोबारी गतिविधियां:** इटकोंस ई-सॉल्यूशंस लिमिटेड ह्यूमन रिसोर्स सर्विसेज देने का काम करती है। कंपनी मुख्य रूप से संगठित क्षेत्र में सार्वजनिक और निजी दोनों संगठनों को अपनी सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी द्वारा मुख्य रूप से दो प्रकार की सेवाएं दी जा रही है। 1. मेनपावर सप्लाई/रिक्रूटमेंट सर्विस 2. मेनपावर सोर्सिंग/ स्टाफिंग सर्विसेज निगमन के बाद से 'इटकोंस ई-सॉल्यूशंस लिमिटेड' अनुबंधित कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों की टीम बन गई है। कंपनी स्टाफिंग और भर्ती, सूचना प्रौद्योगिकी, एफएमसीजी, खाद्य आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करती है। इटकोंस ई-सॉल्यूशंस लिमिटेड अपनी सेवाओं की पेशकश को विकसित कर रही है ताकि अपने ग्राहकों को कंपनी की सेवाओं के माध्यम से उनकी एंड-टू-एंड एचआर जरूरतों का समर्थन किया जा सके। कंपनी की सेवाओं की श्रेणी को निम्नलिखित व्यवसायों के अंतर्गत विभाजित किया गया है: 1. आईटी स्टाफिंग 2. जनरल स्टाफिंग 3. री-बेजिंग 4. रिक्रूटमेंट प्रोसेस आउटसोर्सिंग 5. पास थ्रो सर्विसेज 6. पेरोल सर्विसेज 7. मैनेज्ड आईटी सर्विसेज 8. प्रोडक्ट इंस्टॉलेशन एवं सर्विसिंग सॉल्यूशन 9. परमानेंट हायरिंग कंपनी ने गत 15 वर्षों में बड़ी संख्या में लोगों को काम दिलवाया है।

# नीतू योशी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 में 52.02 फीसदी वृद्धि के साथ हासिल किया 2501.34 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली | बिजनेस रेमेडीज**

नीतू योशी लिमिटेड विभिन्न ग्रेड के लौह धातुकर्म पदार्थों जैसे माइल्ड स्टील, स्फेरिकल ग्रेफाइट आयरन, कास्ट आयरन और मैंगनीज स्टील के अग्रणी निर्माताओं में से एक है। कंपनी ने 31 मार्च 2026 को समाप्त छमाही और पूरे वर्ष के लिए अपने वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं।

कंसोलिडेटेड बैलेंस शीट के अनुसार 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 7080.93 लाख रुपए के मुकाबले करीब 43.47 फीसदी अधिक 10159.12 लाख रुपए का समेकित राजस्व अर्जित किया है। 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 1645.32 लाख रुपए के मुकाबले 52.02 फीसदी अधिक 2501.34 लाख रुपए का समेकित कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 की दूसरी छमाही में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 3552.36 लाख रुपए के मुकाबले 56.61 फीसदी अधिक 5563.46 लाख रुपए का समेकित राजस्व अर्जित किया है। 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 की दूसरी छमाही में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 849.38 लाख रुपए के मुकाबले 58.61 फीसदी अधिक 1347.24 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

**कारोबारी गतिविधियां:** फरवरी 2020 में निगमित, नीतू योशी लिमिटेड फेरस मेटालर्जिकल उत्पादों के विभिन्न ग्रेडों में अनुकूलित उत्पादों के निर्माण के व्यवसाय में लगी हुई है। कंपनी 0.2 किलोग्राम से लेकर 500 किलोग्राम तक के माइल्ड स्टील, स्फेरॉयडल ग्रेफाइट आयरन, कास्ट आयरन और मैंगनीज स्टील का उत्पाद पोर्टफोलियो पेश करती है। यह कंपनी भारतीय रेलवे के लिए आरडीएसओ प्रमाणित विक्रेता है। कंपनी मानक और अनुकूलित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करती है, जो मुख्य रूप से भारतीय रेलवे को ब्रेकिंग सॉल्यूशन, सस्पेंशन, प्रोपल्शन एड्स और ट्रेनों के लिए कपलिंग अटैचमेंट जैसे महत्वपूर्ण घटकों की सेवा प्रदान करती है। कंपनी उत्तराखंड में 7,173 वर्ग मीटर में फैली एक विनिर्माण सुविधा संचालित कर रही है, जो रणनीतिक रूप से मिश्र धातु आपूर्तिकर्ताओं के पास स्थित है और कम बिजली दरों, परिचालन दक्षता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने से लाभान्वित होती है।

# एशियन ग्रैनिटो इंडिया लिमिटेड का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2026 में सालाना आधार पर 89.69 फीसदी बढ़कर हुआ 18.74 करोड़ रुपये

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज**

एशियन ग्रैनिटो इंडिया लिमिटेड देश के सबसे बड़े लक्जरी सरफेस और बाथवेयर सॉल्यूशंस ब्रांडों में से एक, ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान मजबूत परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है।

वित्त वर्ष 2026 के लिए, कंपनी ने कर पश्चात समेकित शुद्ध लाभ 18.74 करोड़ रुपये दर्ज किया, जो वित्त वर्ष 2025 की तुलना में 89.69 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। वित्त वर्ष 2026 के लिए परिचालन से राजस्व 8.60 फीसदी बढ़कर 1,858.06 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2026 के लिए ईबीआईटीडीए 120.42 करोड़ रुपये (ईबीआईटीडीए मार्जिन 6.48 फीसदी) दर्ज किया गया, जबकि वित्त वर्ष 2025 में यह 104.37 करोड़ रुपये (ईबीआईटीडीए मार्जिन 6.10 फीसदी) था। मजबूत प्रदर्शन को स्वस्थ बाजार मांग, बेहतर परिचालन दक्षता, उन्नत उत्पाद मिश्रण और घरेलू बाजारों में निरंतर विस्तार का समर्थन प्राप्त था। परिणामों और प्रदर्शन पर टिप्पणी करते



**कमलेश पटेल**
**अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक,**
**एशियन ग्रैनिटो इंडिया लिमिटेड**

हुए कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक कमलेश पटेल ने कहा कि, 'हम इस चुनौतीपूर्ण दौर से और भी मजबूत होकर उभरे हैं और आगे चलकर अपनी विकास गति को लेकर आश्वस्त हैं। स्वस्थ घरेलू मांग, बेहतर परिचालन दक्षता और मजबूत सकल मार्जिन ने वर्ष के दौरान हमारे प्रदर्शन में योगदान दिया। हम सकारात्मक मांग के माहौल और सभी विनिर्माण इकाइयों में उत्पादन के सामान्यीकरण से उत्साहित हैं।

हालांकि गैस की ऊंची कीमतें और निर्यात माल ढुलाई की बढ़ी हुई लागत उद्योग के लिए चुनौतियां बनी हुई हैं, मजबूत घरेलू मांग और बाजार में हमारी बढ़ती उपस्थिति हमें निरंतर विकास के लिए अच्छी स्थिति में रखती है। हम अपने ब्रांड, वितरण नेटवर्क और उत्पाद पोर्टफोलियो को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, साथ ही अगले तीन से छह वर्षों में 6,000 करोड़ रुपये के राजस्व वाली कंपनी बनने के अपने दीर्घकालिक लक्ष्य को भी आगे बढ़ा रहे हैं।

हमारी सभी विनिर्माण इकाइयाँ चालू होने के साथ हमारा व्यवसाय सामान्य हो गया है। हम लगातार मजबूत मांग देख रहे हैं और घरेलू बाजार पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं क्योंकि भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण निर्यात कंटेनर की कीमतें बढ़ गई हैं। यद्यपि हमारे सभी संयंत्र अब चालू हैं, कुछ श्रम संबंधी समस्याएं अभी भी मौजूद हैं और हमें उम्मीद है कि हम इन्हें जल्द ही हल कर लेंगे। हालांकि, गैस की कीमतों में वृद्धि के साथ अल्पकालिक चुनौतियाँ बनी हुई हैं। जैसे-जैसे एजीएल अपने पैमाने और बाजार में उपस्थिति का विस्तार कर रहा है, स्थिरता इसकी दीर्घकालिक विकास रणनीति का एक अभिन्न अंग बनी हुई है। कंपनी अपनी सभी सुविधाओं में जिम्मेदार विनिर्माण प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित करती है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त आईएसओ 9001 और आईएसओ 14001 मानकों का पालन करती हैं। कंपनी की दीर्घकालिक मूल्य सृजन पहलों में प्राकृतिक गैस का उपयोग, शून्य-अपशिष्ट प्रक्रियाएं, विनिर्माण स्थलों पर वर्षा जल संचयन प्रणाली और सौर ऊर्जा और पवनचक्की परियोजना के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी आधुनिक अनुभव केंद्रों, डिजिटल सहभागिता प्लेटफार्मों और 'एजीएल टाइल्स' मोबाइल एप्लिकेशन के विस्तार के माध्यम से अपने ग्राहक-केंद्रित पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत कर रही है। इन पहलों का उद्देश्य ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाना, चैनल पार्टनर कनेक्टिविटी को बढ़ाना और प्रौद्योगिकी-संचालित सहभागिता और परिचालन उत्कृष्टता के माध्यम से सतत विकास को समर्थन देना है।'

**Financial Highlights (Consolidated)**

| Particular | FY26 | FY25 | Y-O-Y |
|---|---|---|---|
| Revenue From Operations (Rs. crore) | 1,858.06 | 1,710.98 | 8.60% |
| EBITDA (Rs. crore) | 120.42 | 104.37 | 15.38% |
| Net Profit (Rs. crore) | 18.74 | 9.88 | 89.69% |

# बाजार में बढ़ती अस्थिरता के बीच मंदी का असर और भी ज़्यादा है

दिनांक 01.06.2026 को निफ्टी फ्यूचर बंद भाव @ 23459 पॉइंट :- आगामी संभावित निफ्टी फ्यूचर 23606 पॉइंट के प्रथम तथा 23676 पॉइंट के अति महत्वपूर्ण रेजिस्टेंस ज़ोन से ट्रेडिंग संदर्भ में 23373 पॉइंट से 23303 तथा 23272 पॉइंट के महत्वपूर्ण स्तर को स्पर्श करने की संभावना रखता है। निफ्टी फ्यूचर में 23272 पॉइंट के आसपास सावधानीपूर्वक पोजिशन बनानी चाहिए....!!! अब नजर डालते हैं फ्यूचर्स स्टॉक सम्बंधित मूवमेंट पर...!!



**निखिल भट्ट**
**(इन्वेस्टमेंट पॉईंट)**

**अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस ( 1510 ) :-** एनर्जी और पावर सेक्टर का यह स्टॉक 1484 रुपये के प्रथम तथा 1480 रुपये के दूसरे मजबूत सपोर्ट से शॉर्ट टर्म में 1523 रुपये से 1530 रुपये तक का मूल्य स्तर दर्ज कर सकता है...!! 1537 रुपये के ऊपर तेजी का रुख दिखा सकता है...!!

**रिलायंस इंडस्ट्रीज़ ( 1325 ) :-** ऑयल, गैस और एनर्जी सेक्टर का यह निवेश योग्य स्टॉक 1303 रुपये के प्रथम तथा 1290 रुपये के दूसरे मजबूत सपोर्ट से 1337 रुपये से 1345 रुपये तक का मूल्य स्तर दर्ज करने की संभावना रखता है...!!

**एक्सिस बैंक ( 1283 ) :-** प्राइवेट बैंकिंग सेक्टर का यह स्टॉक 1270 रुपये के प्रथम तथा 1255 रुपये के दूसरे सपोर्ट से 1290 रुपये से 1303 रुपये तक का मूल्य स्तर दिखा सकता है...!!

**इन्फोसिस ( 1205 ) :-** आईटी और सूचना प्रौद्योगिकी सेवा सेक्टर का यह स्टॉक 1185 रुपये के प्रथम तथा 1172 रुपये के दूसरे मजबूत सपोर्ट से 1219 रुपये से 1230 रुपये तक का मूल्य स्तर दर्ज कर सकता है...!!

**जिंदल स्टील एंड पावर ( 1222 ) :-** स्टील और मेटल सेक्टर का यह स्टॉक 1202 रुपये के प्रथम तथा 1190 रुपये के दूसरे सपोर्ट से 1237 रुपये से 1245 रुपये तक का मूल्य स्तर दिखा सकता है...!!

**अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन ( 1790 ) :-** पोर्ट और लॉजिस्टिक्स सेक्टर का यह स्टॉक 1808 रुपये से 1823 रुपये तक रेजिस्टेंस ज़ोन दर्शा रहा है। तकनीकी कमजोरी बढ़ने पर 1774 रुपये से 1760 रुपये तक फिसलने की संभावना है...!!



**गोदरेज प्रॉपर्टीज़ ( 1725 ) :-** रियल एस्टेट सेक्टर का यह स्टॉक 1757 रुपये से 1770 रुपये तक मजबूत रेजिस्टेंस ज़ोन दर्शा रहा है। प्रॉफिट बुकिंग बढ़ने पर 1707 रुपये से 1696 रुपये तक कमजोरी दिखा सकता है...!!

**वोल्टास ( 1226 ) :-** कंज्यूमर ड्यूरेबल और एयर कंडीशनिंग सेक्टर का यह स्टॉक 1257 रुपये से 1270 रुपये तक रेजिस्टेंस ज़ोन में दिखाई दे रहा है। तकनीकी कमजोरी के चलते 1208 रुपये से 1197 रुपये तक गिरावट संभव है...!!

**स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ( 959 ) :-** पब्लिक सेक्टर बैंकिंग सेक्टर का यह स्टॉक 978 रुपये से 990 रुपये तक ओवरबॉट स्थिति दर्शा रहा है। प्रॉफिट बुकिंग बढ़ने पर 947 रुपये से 933 रुपये तक कमजोरी दिखा सकता है...!!

**बजाज फिनसर्व ( 890 ) :-** फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर का यह स्टॉक 909 रुपये से 923 रुपये तक रेजिस्टेंस ज़ोन दर्शा रहा है। मुनाफावसूली बढ़ने पर 878 रुपये से 868 रुपये तक फिसलने की संभावना है...!!

**नोटः शेयरों में निवेश करने से पूर्व निवेशको को वित्तीय सलाहकार की सलाह लेनी चाहिए।**

| INDEX | | Above / Below | Conf. | T1 | Normal Target T2 | Normal Target T3 | On Trending times. T4 | On Trending times. T5 | On Trending times. T6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| NIFTY Spot | For BUY Above | 23,421 | 23,444 | 23,463 | 23,482 | 23,509 | 23,526 | 23,582 | 23,643 |
| | For SELL Below | 23,345 | 23,321 | 23,302 | 23,283 | 23,256 | 23,240 | 23,184 | 23,122 |
| Bk.Nifty Spot | For BUY Above | 53,767 | 53,843 | 53,905 | 53,967 | 54,055 | 54,109 | 54,291 | 54,491 |
| | For SELL Below | 53,519 | 53,444 | 53,381 | 53,319 | 53,231 | 53,178 | 52,995 | 52,795 |

Data based on Previous day closing

Source: VAISHALI KALA

# एसएचएम ग्रुप ने मुंबई यार्ड में 29 मीटर लंबी एल्युमिनियम यात्री नौका का शुभारंभ किया

## ओशन क्रूजर 8 को कंपनी के भीतर ही डिजाइन और निर्मित किया गया है, जो वर्तमान समुद्री परिचालन और सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करती है

**मुंबई | बिज़नेस रेमेडीज**

जहाज निर्माण, जहाज प्रबंधन और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कंपनियों में से एक एसएचएम ग्रुप (एसएचएम) ने मुंबई स्थित अपने शिपयार्ड में ओशन क्रूजर 8 (वाई-410) का सफल प्रक्षेपण किया। पूरी तरह से एल्युमीनियम से निर्मित ओशन क्रूजर 8 29 मीटर लंबा एक हाई स्पीड वाला पैसेंजर क्राफ्ट है, जिसे भारत के जलमार्ग संचालन की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह कंपनी की स्वदेशी भावना को दर्शाता है कि वह संपूर्ण निर्माण प्रक्रिया को अपनी ही सुविधाओं के भीतर पूरा करती है।

ओशन क्रूजर 8 का निर्माण एल्युमीनियम से किया गया है, जो हल्के वजन और मानक स्टील जहाजों की तुलना में बेहतर ईंधन दक्षता के कारण तेज गति वाले यात्री जहाजों के लिए व्यापक रूप से पसंदीदा सामग्री है। ओशन क्रूजर 8 का शुभारंभ एसएचएम समूह के निरंतर जहाज निर्माण कार्यक्रम का हिस्सा है, जो भारत की बढ़ती समुद्री आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष जहाजों के निर्माण पर केंद्रित है।

लॉन्च के अवसर पर एसएचएम ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर सैफुद्दीन हाजी ने कहा कि हमारा हर लॉन्च किया गया जहाज हमारी टीम के निरंतर और अनुशासित कार्य का परिणाम है। ओशन क्रूजर 8 का निर्माण हमारे अपने यार्ड में निर्धारित समय पर और हमारे निर्धारित मानकों के अनुरूप किया गया है। इस उद्योग में 100 वर्षों से अधिक की विरासत वाली कंपनी के रूप में हम जहाजों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं और आत्मनिर्भर भावना को बढ़ावा देते हैं।

वेसल्स के प्रक्षेपण तक की यात्रा निर्माण के प्रत्येक चरण में सटीक इंजीनियरिंग और कठोर गुणवत्ता नियंत्रण उपायों द्वारा



चिह्नित थी। इसमें तीन अलग-अलग ब्लॉकों का निर्माण और फिटिंग, उसके बाद निर्बाध जोड़ और संरेखण, संरचनात्मक अखंडता सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉकों, इंजन गार्डर्स और सभी मशीनरी नींवों का ड्राई सर्वे साथ ही सुरक्षा और परिचालन प्रदर्शन को सत्यापित करने के लिए टैंकों का एपीटी और हाइड्रोटेस्ट शामिल था। प्रक्षेपण से पहले आउटफिटिंग आइटम, प्रणोदन प्रणाली (प्रोपल्सन सिस्टम) और बो थ्रस्टर इंस्टॉलेशन का विस्तृत सर्वेक्षण और सत्यापन भी किया गया था।

एसएचएम ग्रुप के शिपबिल्डिंग एंड शिप मैनेजमेंट के सीईओ अलियासगर हाजी ने कहा कि हमें गर्व है कि हमने ओशन क्रूजर 8 का निर्माण पूरी तरह से अपने मुंबई यार्ड में किया है। यह प्रक्रिया हमारी इन-हाउस टीम द्वारा पूरी की गई और इसका परिणाम हमारी घरेलू क्षमताओं को दर्शाता है। यह वेसल्स इस बात का एक व्यावहारिक उदाहरण है कि जब प्रक्रिया की सुनियोजित और क्रियान्वित कार्यप्रणाली हो तो भारतीय जहाज निर्माण क्या हासिल कर सकता है।

ओशन क्रूजर 8 के निर्माण के दौरान, प्रक्षेपण प्रक्रिया के प्रत्येक चरण को आगे बढ़ाने से पहले सुरक्षा संबंधी कई जाँचें

SHM™

safe seas, safe shores

की गई। अंतिम प्रक्षेपण दो 300-टन की क्रेनों का उपयोग करके किया गया, जिसमें पानी में सुरक्षित और नियंत्रित प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक चरण की योजना बनाई गई और उसकी पुष्टि की गई। एसएचएम ग्रुप के समुद्री सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग के सीईओ मोहम्मद हाजी ने कहा कि सुरक्षा हमारे लिए अंतिम चरण नहीं है, बल्कि निर्माण के हर चरण में शामिल है। ओशन क्रूजर 8 के निर्माण में आगे बढ़ने से पहले ही प्रत्येक सिस्टम की जांच की गई थी। सेवा में आने वाला यह वेसल्स हमारे द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों को पूरा करेगा, चाहे उसका आकार या प्रकार कुछ भी हो।

ओशन क्रूजर 8, घरेलू स्तर पर हाई स्पीड वाले एल्युमीनियम जहाजों के उत्पादन की क्षमता बढ़ाने में एसएचएम समूह की निरंतर रुचि का संकेत है। यह लॉन्च जहाज निर्माण और वितरण के क्षेत्र में कंपनी के मजबूत इतिहास को और पुष्ट करता है, जो भारत की स्वदेशी जहाज निर्माण क्षमताओं को बढ़ाने पर समग्र रूप से केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाता है। भारत में जहाजरानी गतिविधियों में निरंतर वृद्धि के साथ एसएचएम की जहाज निर्माण और वितरण करने की क्षमता इस वृद्धि में निरंतर योगदान सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

# बीकानेर समाचार पत्र वितरक संघ का 19 वां स्थापना दिवस मनाया गया




**बीकानेर | बिज़नेस रेमेडीज**

बीकानेर समाचार पत्र वितरक संघ का 19 वां स्थापना दिवस सोमवार को लॉटरी क्लब में मनाया गया।

मुख्य अतिथि गजेन्द्र सिंह सांखला ने वितरक संघ के आज तक समाजउपयोगी कार्यों के बारे में विस्तार से बताया ओर हमेशा सुख दुख में साथ रहने व मदद करने का वादा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाचार पत्र संघ के अध्यक्ष पुखराज स्वामी ने आज के समय में इस कार्य को करने में आ रही समास्यों के बारे में बताया की किस प्रकार आज अखबार वितरण करना बहुत कठिन हो गया है। पिछ्ले 5 सालों से अख़बार की कीमत वहीं की वही है जबकि सभी उपभोग करने वाले सामानों की कीमत चार गुणा बढ़ गई हैं। इस स्थिति में काम करना कठीन हो गया है। पीयूष मिश्रा ने कहा कि बीकानेर समाचार पत्र वितरक संघ सभी वितरक भाइयों के साथ हैं उनकी कठिनाइयों को समझता है और समाधान भी करेगा। जल्दी ही वितरक भाइयों का बीमा करेगा जिससे उनकी सुरक्षा हो सके। संघ के संरक्षक सिराजुद्दीन कोहरी ने अपने विचार रखे। मंच संचालन अखिलेश पांडे ने किया।

अंत में महासचिव हनुमान गहलोत ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संगठन सचिव नवलसिंह, संघटन मंत्री घनश्याम तंवर, प्रेमजी गहलोत, अकबर, उस्मान अली, सुशील भदानी, प्रेम टाक, हाजी मोहम्मद, भवानी पुरोहित ने सहयोग किया।

# देश में खाद्यान्न भंडार पर्याप्त, उर्वरकों और खाद्य तेल की उपलब्धता भी मजबूत : केंद्र

**नई दिल्ली | एजेंसी**

केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि देश में खाद्यान्न का पर्याप्त भंडार है और नियमित आयात, घरेलू उत्पादन और मौजूदा भंडार के कारण खाद्य तेलों की उपलब्धता भी पर्याप्त बनी हुई है। साथ ही कहा कि उर्वरक सुरक्षा भी मजबूत और स्थिर बनी हुई है, और सभी प्रमुख उर्वरकों की उपलब्धता लगातार आवश्यकता से अधिक है।

उपभोक्ता मामलों के विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी में एक अंतर-मंत्रालय ब्रीफिंग के दौरान बताया कि 28 मई तक, केंद्रीय भंडार में गेहूं का स्टॉक 513 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) था, जबकि 1 जुलाई के लिए निर्धारित बफर मानक 275.80 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) था। विभाग ने आगे कहा कि चालू रबी विपणन सीजन में गेहूं की खरीद लगभग 350 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) तक पहुंच चुकी है और खरीद प्रक्रिया 30 जून तक जारी



रहेगी। सरकार के मुताबिक, केंद्रीय भंडार में चावल का स्टॉक 1 जुलाई के लिए निर्धारित बफर मानक 135.40 लाख मीट्रिक टन के मुकाबले 397 लाख मीट्रिक टन था। लगभग 298 लाख मीट्रिक टन खरीदा हुआ धान अभी तक मिलिंग करके चावल के स्टॉक में शामिल नहीं किया गया है।

घरेलू स्तर पर खाद्य तेलों की उपलब्धता पर्याप्त बनी हुई है। प्रमुख आपूर्तिकर्ता देशों से आयात जारी है, जिनमें इंडोनेशिया और मलेशिया (पाम तेल), रूस और यूक्रेन (सूरजमुखी का तेल), और अर्जेंटीना और ब्राजील (सोयाबीन का तेल) शामिल हैं। सरकार ने कहा कि वह हितधारकों के साथ नियमित रूप से परामर्श कर रही है और आपूर्ति एवं मूल्य रुझानों पर नजर रख रही है। देश में चीनी की उपलब्धता घरेलू खपत की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। भंडार और उत्पादन स्तर घरेलू बाजार में निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त हैं।

उर्वरक विभाग के अनुसार, संकट की स्थिति के बाद आयात और घरेलू उत्पादन के माध्यम से लगभग 132.43 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों की उपलब्धता में वृद्धि हुई है। सरकार ने बताया कि भारत ने पहले ही एसओएच से लगभग 25 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 15 लाख मीट्रिक टन डीएपी और 10 लाख मीट्रिक टन एनपीके (जिसमें एएस (अमोनियम सल्फेट) शामिल है) प्राप्त कर लिया है, जो जून-जुलाई में भारतीय बंदरगाहों पर पहुंचेंगे। भारत ने 17 लाख मीट्रिक टन यूरिया की खरीद के लिए एक और वैश्विक निविदा जारी की है, जिस पर काम चल रहा है। चुनौतियों के बावजूद, भारत ने मई में लगभग 25.17 लाख मीट्रिक टन यूरिया का घरेलू उत्पादन हासिल किया, जो मई 2025 के उत्पादन से 2.80 लाख मीट्रिक टन अधिक है। भारत ने 26 मई को 3.86 लाख मीट्रिक टन डीएपी का घरेलू उत्पादन भी हासिल किया, जो मई 2025 के उत्पादन से 2,000 मीट्रिक टन अधिक है।

# उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवारों को आधी कीमत पर मिल रही एलपीजी : केंद्र सरकार

**नई दिल्ली | एजेंसी**

पेट्रोलियम मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जहां वैश्विक बाजार में एलपीजी की कीमत बढ़कर 1,200 रुपए प्रति सिलेंडर हो गई है, वहीं उज्ज्वला योजना के तहत आने वाले परिवारों को अभी भी 14.2 किलोग्राम का सिलेंडर 613 रुपए में मिल रहा है। इसकी वजह यह है कि सरकार 587 रुपए प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दे रही है। उन्होंने आगे कहा कि वास्तव में, उज्ज्वला योजना के तहत आने वाले परिवार गैस के लिए बाजार मूल्य का केवल आधा भुगतान कर रहे हैं, जबकि सरकार ईरान युद्ध के कारण कीमतों में हुई वृद्धि से उन्हें बचाने के लिए सब्सिडी देकर शेष लागत वहन कर रही है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 में तेल विपणन कंपनियों की कम वसूली 41,338 करोड़ रुपए थी, जो मध्य पूर्व संघर्ष के कारण कीमतों में आई भारी वृद्धि




के चलते 2025-26 में बढ़कर 60,000 करोड़ रुपए हो गई है। सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए 2025-26 के दौरान एलपीजी पर 30,000 करोड़ रुपए की सब्सिडी दी है।

भारत में एलपीजी की कीमत पड़ोसी देशों की तुलना में काफी कम है। जहां आम घरों को एलपीजी सिलेंडर के लिए 913 रुपए और उज्ज्वला योजना के तहत आने वाले घरों को 613 रुपए देने पड़ते हैं, वहीं श्रीलंका में परिवारों को खाना पकाने के लिए प्रति सिलेंडर 1,241 रुपए, नेपाल में 1,207 रुपए और पाकिस्तान में 1,046 रुपए खर्च करने पड़ते हैं। अधिकारी ने बताया कि कमर्शियल सिलेंडर की कीमत हर महीने संशोधित की जाती है क्योंकि इसकी लागत अंतरराष्ट्रीय मानक से सीधे तौर पर जुड़ी होती है। घरेलू सिलेंडर की कीमत अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार नहीं होती। यही इसकी सुरक्षा है। इस बीच, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के नवीनतम अपडेट के अनुसार, पिछले 3 दिनों में लगभग 1.21 करोड़ सिलेंडरों की बुकिंग के मुकाबले लगभग 1.22 करोड़ एलपीजी सिलेंडर घरों तक पहुंचाए जाने के साथ देश में घरेलू एलपीजी की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। गुरुवार को ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग में लगभग 99 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि उपभोक्ताओं के पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर आधारित प्रमाणीकरण कोड (डीएसी) डिलीवरी में भी लगभग 96 प्रतिशत की वृद्धि हुई ताकि अवैध व्यापार को रोका जा सके। नागरिकों को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की घबराहट में खरीदारी न करने की सलाह दी जाती है क्योंकि सरकार पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। अफवाहों से सावधान रहें और सही जानकारी के लिए आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करें। देश की सभी तेल रिफाइनरियां पर्याप्त कच्चे तेल के भंडार के साथ उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं, जबकि पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा जा रहा है।

घरेलू खपत को पूरा करने के लिए रिफाइनरियों से घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाकर लगभग 52 टीएमटी/दिन कर दिया गया है। देश के सभी पेट्रोल पंपों पर भी पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इस वर्ष मई के दौरान कई जिलों में पेट्रोल और डीजल की बिक्री में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई।

# साल में एक लंबी छुट्टी के बजाए कई छोटी यात्राएं पसंद कर रही है जेन जेड पीढ़ी: एयरबीएनबी रिपोर्ट

**नई दिल्ली|बिज़नेस रेमेडीज**

भारत की जेन जेड पीढ़ी यात्रा के पारंपरिक तौर-तरीकों को बदल रही है। साल में एक लंबी छुट्टी के बजाय, अब यह पीढ़ी अपनी पसंद और अचानक बनने वाले प्लान के अनुसार यात्राओं को तरजीह दे रही है। एयरबीएनबी की नई रिपोर्ट 'नेवर द सेम : द न्यू रूल्स ऑफ जेन जेड ट्रेवल इन इंडिया' के अनुसार, जेन जेड के लिए यात्रा केवल घूमने-फिरने का साधन नहीं, बल्कि अपनी पहचान और व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करने का माध्यम बन चुकी है।

एयरबीएनबी के भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के कंट्री हेड अमनप्रीत बजाज ने कहा, 'जेन जेड के लिए यात्रा जितनी नई जगहों और अनुभवों को खोजने का माध्यम है, उतनी ही खुद को अभिव्यक्त करने का भी जरिया है। यही बात उन्हें सबसे अधिक सोच-समझकर और उद्देश्यपूर्ण तरीके से यात्रा करने वाला यात्री वर्ग बनाती है। इस पीढ़ी की खासियत यह नहीं है कि वे कितनी बार यात्रा करते हैं, बल्कि यह है कि वे यात्रा क्यों

airbnb

करते हैंताकि वे खुद को और बेहतर ढंग से महसूस कर सकें। एयरबीएनबी पर हम देख रहे हैं कि इस पीढ़ी के लिए यात्रा उनके जीवन के सबसे व्यक्तिगत फैसलों में से एक बन गई है। वे कहां जाते हैं, किसके साथ जाते हैं और सबसे महत्वपूर्ण, कहां ठहरते हैं, इन सभी विकल्पों के जरिए वे अपनी पहचान व्यक्त करते हैं। एयरबीएनबी इसी बदलती सोच और यात्रा शैली के अनुरूप बना है। यह बदलाव भारत को नए नजरिए से देखने, समझने और खोजने के अवसरों का एक नया अध्याय खोल रहा है।' कई दशकों तक भारतीयों के लिए छुट्टियों का मतलब साल में एक बड़ी यात्रा हुआ करता था, जिसकी योजना महीनों पहले बनाई जाती थी और जिसके लिए पहले से बचत की जाती थी। लेकिन जेन जेड ने इस परंपरागत सोच को पूरी तरह बदल दिया है।

रिपोर्ट के अनुसार, 10 में से 7 जेन जेड यात्री साल में एक लंबी छुट्टी की बजाय तीन छोटी यात्राएं करना पसंद करते हैं, जबकि 87 प्रतिशत एक सप्ताह से कम अवधि की यात्राओं को प्राथमिकता देते हैं।एयरबीएनबी के आंकड़े भी युवा भारतीयों की यात्रा संबंधी बदलती पसंद को दर्शाते हैं। गर्मियों के दौरान भारतीय जेन जेड द्वारा की गई खोजों में साल-दर-साल 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, 2 से 6 रातों की छोटी यात्राएं सबसे तेजी से बढ़ने वाला ट्रैवल फॉर्मेट बनकर उभरी हैं, जिनमें घरेलू यात्राओं के लिए लगभग 80 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है।

यात्रा अब इस पीढ़ी के लिए कोई ऐसा कार्यक्रम नहीं रह गई है जिसकी योजना महीनों पहले बनाई जाए। इसके बजाय, यह तनाव से राहत पाने, अचानक मिले खाली वीकेंड का लाभ उठाने या किसी दोस्त के एक साधारण 'चलो घूमने चलते हैं' कहने पर लिया गया सहज फैसला बन गई है। रिपोर्ट के अनुसार, 66 प्रतिशत जेन जेड यात्री यात्रा से कुछ दिन या कुछ सप्ताह पहले ही अपनी बुकिंग करते हैं, जबकि 67 प्रतिशत का कहना है कि उनकी कोई भी दो यात्राएं एक जैसी नहीं रही हैं।

# एआई और उद्योगों की साझेदारी से तैयार होगा राजस्थान का शिक्षा तंत्र

**जयपुर| बिज़नेस रेमेडीज**

राजस्थान को एआई आधारित शिक्षा, नवाचार और कुशल मानव संसाधन का अग्रणी केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मंथन जयपुर में आयोजित राजस्थान एजुकेशन समिट 2026 में हुआ। एसोचैम राजस्थान स्टेट काउंसिल और आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समिट का विषय था - 'एआई आधारित शिक्षा एवं विजन 2030 के माध्यम से राजस्थान को सशक्त बनाना।' समिट में 150 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और (एआई के जिम्मेदार उपयोग, शिक्षा एवं उद्योग जगत के सहयोग, डिजिटल परिवर्तन, कौशल विकास, नवाचार आधारित शिक्षण तथा भविष्य की जरूरतों के अनुरूप पाठ्यक्रमों पर चर्चा की। आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ पी.आर. सोडानी ने कहा कि एआई आधारित शिक्षा केवल डिजिटल परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समान अवसरों के सृजन, विद्यार्थियों में सोच विकसित करने का माध्यम भी है।


## MEHAI TECHNOLOGY LIMITED

(CIN : L62099WB2013PLC293942)

Reg. and Corporate Office: 144, Dakshindari Road, Sreebhumi, North 24 Pgs. Kolkata - 700048 WB

Phone: 91-9836000343, E-mail: cs@mehai.co.in, website: www.mehaitech.co.in

### EXTRACT OF AUDITED STANDALONE & CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2026

Rs. (In lakhs)

| | PARTICULARS | STANDALONE | | | | | CONSOLIDATED | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended March 31, 2026 Audited | Quarter ended December 31, 2025 Un-Audited | Quarter ended March 31, 2025 Audited | Year Ended March 31, 2026 Audited | Year Ended March 31, 2025 Audited | Quarter ended March 31, 2026 Audited | Quarter ended December 31, 2025 Un-Audited | Quarter ended March 31, 2025 Audited | Year Ended March 31, 2026 Audited | Year Ended March 31, 2025 Audited |
| 1 | Total Income from Operations (Net) | 5,938.08 | 1,971.08 | 4,209.08 | 10,307.64 | 10,006.84 | 6228.88 | 2221.63 | 5227.11 | 12541.95 | 11959.64 |
| 2 | Profit/(Loss) before Exceptional Items & Extraordinary items and tax | 438.85 | 285.12 | 104.41 | 1,018.48 | 974.43 | 415.01 | 289.37 | 140.72 | 1106.66 | 1044.57 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and /or Extraordinery Items | 438.85 | 285.12 | 104.41 | 1,018.48 | 974.43 | 415.01 | 289.37 | 140.72 | 1106.66 | 1044.57 |
| 4 | Net Profit/(Loss) from Ordinary Activities after tax | 317.27 | 205.90 | 75.30 | 735.60 | 703.32 | 286.28 | 193.67 | 101.44 | 774.91 | 756.14 |
| 5 | Total Comprehensive income for the period | 318.03 | 205.90 | 74.02 | 736.36 | 702.04 | 286.28 | 193.67 | 100.16 | 774.91 | 754.86 |
| 6 | Paid-up Equity Share Capital (Rs. 1.00/- per share) | 7,486.20 | 7,410.60 | 3,138.80 | 7,486.20 | 3,138.80 | 7,486.20 | 7,410.60 | 3,138.80 | 7,486.20 | 3,138.80 |
| 7 | Other Equity | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 14,436.83 | 6,627.43 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 14,392.25 | 6,677.15 |
| 8 | Earnings per Share (a) Basic | 0.04 | 0.03 | 0.04 | 0.10 | 0.25 | 0.04 | 0.03 | 0.05 | 0.10 | 0.27 |
| | (b) Diluted | 0.04 | 0.03 | 0.04 | 0.10 | 0.25 | 0.04 | 0.03 | 0.05 | 0.10 | 0.27 |

Note:
1. The above is an extract of the detailed format of Financial Results filed with Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full formal of the Financial Results is available on the Stock Exchanges Website (www,bseindia.com) and on Company's website (www.mehaitech.co.in).
2. The said Financial Results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company in its meeting held on 28.05.2026

Place: Kolkata
Date: 28/5/2026

For Mehai Technology Limited
Sd/-
Managing Director

# भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा मंत्रियों की वार्ता- सैन्य सहयोग, समुद्री सुरक्षा और रक्षा उद्योग जैसे विषयों पर जोर

**नई दिल्ली | एजेंसी**



नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स के बीच सोमवार को एक महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय द्विपक्षीय वार्ता हुई। इस वार्ता में दोनों देशों के रक्षा सहयोग की पूरी रूपरेखा की समीक्षा की गई।

द्विपक्षीय वार्ता के उपरांत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ उनकी यह मुलाकात और बातचीत उत्कृष्ट रही। दोनों देशों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के पूरे दायरे की समीक्षा की। इसके साथ ही भारत, ऑस्ट्रेलिया ने इसे संवाद व सहयोग को और आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के अनुसार भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी आने वाले वर्षों में लगातार प्रगति करने के लिए तैयार है। सोमवार को हुई इस बातचीत से पहले ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स का नई दिल्ली में औपचारिक स्वागत किया गया। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी उपस्थित रहे।

वार्ता के दौरान राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलियाई सरकार की हाल ही में जारी 2026 नेशनल डिफेंस स्ट्रेटेजी और इंटीग्रेटेड इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम की सराहना की। रक्षा मंत्री ने इस विषय पर कहा कि वह ऑस्ट्रेलियाई सरकार को हाल ही में प्रकाशित 2026 राष्ट्रीय रक्षा रणनीति और एकीकृत निवेश कार्यक्रम के लिए बधाई देना चाहते हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री से कहा कि आज की चर्चा के दौरान वह इस नीति दस्तावेज पर उनके विचारों को सुनने और भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा संबंधों में विकास की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं।

बैठक में दोनों देशों ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि पिछले कुछ वर्षों में भारत और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा संबंध अभूतपूर्व रूप से मजबूत हुए हैं। दोनों पक्षों ने रक्षा और सैन्य सहयोग को और गहरा करने, संयुक्त सैन्य अभ्यासों का विस्तार करने, समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाने, रक्षा उद्योगों के बीच साझेदारी मजबूत करने तथा नई रक्षा प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती सामरिक प्रतिस्पर्धा और समुद्री मार्गों की सुरक्षा को देखते हुए यह वार्ता विशेष महत्व रखती है। भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों ही स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के समर्थक हैं। दोनों देश क्वाड जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भी निकट सहयोग कर रहे हैं और क्षेत्रीय शांति, स्थिरता तथा समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए साझा दृष्टिकोण रखते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि रिचर्ड मार्ल्स की यह यात्रा केवल एक औपचारिक द्विपक्षीय बैठक नहीं है, बल्कि यह संकेत भी है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया अपनी रणनीतिक साझेदारी को अगले चरण में ले जाने की तैयारी कर रहे हैं।

# ईरान समझौते को लेकर ट्रंप के प्रयासों की राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने की सराहना, सहयोग और समर्थन का भरोसा दिया

**नई दिल्ली | एजेंसी**

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मध्य पूर्व की स्थिति और क्षेत्रीय शांति प्रयासों को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात की। राष्ट्रपति मैक्रों ने ईरान-अमेरिका समझौते, क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचे और लेबनान की स्थिति पर चर्चा करते हुए सहयोग और समर्थन की बात कही।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 'मैंने राष्ट्रपति ट्रंप से मध्य पूर्व की स्थिति पर बात की। मैंने उनकी उन दृढ़ कोशिशों की सराहना की, जो वे अमेरिका और ईरान के बीच जल्द से जल्द एक समझौता कराने के लिए कर रहे हैं। मेरा मानना है कि यह एक अनोखा मौका है, जिसके जरिए सभी संबंधित पक्षों को शामिल करते हुए एक नया सुरक्षा ढांचा बनाया जा सकता है, ताकि क्षेत्र में लंबे समय तक स्थिरता और शांति बनी रहे।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने उन्हें बताया कि हम इन प्रयासों का पूरा समर्थन करने और उन्हें लागू करने में अपनी पूरी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। इसी उद्देश्य से हमने ब्रिटेन और अपने अन्य साझेदारों के साथ मिलकर एक अंतरराष्ट्रीय मिशन तैयार किया है, जिसे समझौता होते ही तैनात किया जा सकता है। इसका मकसद होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री यातायात की सुरक्षा सुनिश्चित करना होगा। इसके अलावा, हम व्यापक बातचीत में भी अपना अनुभव और क्षमताएं देने के लिए तैयार हैं, खासकर उस समझौते के परमाणु पहलू से जुड़ी चर्चाओं में।' राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से लेबनान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति दिखाई गई प्रतिबद्धता की सराहना की। साथ ही एक मजबूत युद्धविराम की आवश्यकता और लेबनानी अधिकारियों को हमारे सामूहिक समर्थन के महत्व पर भी जोर दिया। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिका और ईरान के बीच जल्दी समझौता होने की अपील की है। इससे पहले मैक्रों ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी से भी बातचीत की है। मैक्रों ने इन सभी नेताओं को एक ही संदेश दिया गया है, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि अमेरिका और ईरान के लिए जल्द से जल्द किसी समझौते पर पहुंचना बेहद जरूरी है।

# इक्वाडोर-कोलंबिया व्यापार विवाद सुलझा, 100 प्रतिशत टैरिफ शुल्क को हटाने का फैसला

**क्विटो | एजेंसी**

इक्वाडोर की कस्टम अथॉरिटी ने सोमवार एक जून से कोलंबिया के सामान पर लगाए गए 100 प्रतिशत टैरिफ को हटाने का फैसला किया है। इससे दोनों देशों के बीच हाल के महीनों से चला आ रहा व्यापार विवाद खत्म हो गया है, जिसने उनके रिश्तों में तनाव पैदा कर दिया था। इक्वाडोर के नेशनल कस्टम्स सर्विस के डायरेक्टर जनरल सैंड्रो कैस्टिलो ने 'एक्स' पर लिखा कि अब कोलंबिया से आने वाले या वहां से होकर आने वाले सामान पर लगाया गया सुरक्षा शुल्क घटाकर शून्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह कदम दोनों देशों के बीच सुरक्षा, व्यापार और विकास के क्षेत्र में सहयोग के एक नए दौर की शुरुआत करेगा।

कैस्टिलो ने बताया कि कस्टम्स विभाग इस फैसले को ठीक से लागू करेगा, ताकि कानूनी व्यापार को बढ़ावा मिले, क्षेत्रीय एकजुटता मजबूत हो और अवैध गतिविधियों के खिलाफ मिलकर काम किया जा सके। इक्वाडोर के राष्ट्रपति डेनियल नोबोआ ने यह फैसला कोलंबिया के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बेलार्डो डे ला एस्प्रीला के साथ बातचीत के बाद घोषित किया था। इक्वाडोर ने यह शुल्क जनवरी में कोलंबिया से आने वाले सामान पर लगाया था। इसका कारण सीमा सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं और ड्रग तस्करी के खिलाफ सहयोग में कमी बताया गया था। शुरुआत में यह शुल्क 30 प्रतिशत था, जिसे बाद में बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया और फिर एक मई को इसे बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दिया गया। यह नियम कोलंबिया से आने वाले या वहां से बने सभी सामान पर लागू था, और इसकी गणना सामान की कस्टम वैल्यू के आधार पर की जाती थी।

# म्यांमार में शांति और संवाद की प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए भारत तैयार : पीएम मोदी

**नई दिल्ली | एजेंसी**



भारत और म्यांमार ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के साथ ही व्यापार, निवेश, संपर्क , विकास साझेदारी, क्षमता निर्माण, सुरक्षा और सीमा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है।

नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में सोमवार को हुई विस्तृत वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों को और गहरा करने पर सहमति व्यक्त की। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने म्यांमार में शांति और संवाद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में भारत हर तरह की मदद को तैयार है। उन्होंने संघीय शासन व्यवस्था और आर्थिक विकास के अनुभव साझा करने की भी बात कही। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति की बातचीत व्यापक रही और दोनों देशों ने शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए साझेदारी को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि भारत म्यांमार के लिए एक भरोसेमंद पड़ोसी और संकट के समय में पहला सहयोगी है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट', 'एक्ट ईस्ट' और 'महासागर' नीतियों के अनुरूप भारत हमेशा म्यांमार का सहयोग करता रहेगा। राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग का सोमवार को ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात का कार्यक्रम है। वे राजधानी में 'द लाइट एंड द लोटस- रेलिक्स ऑफ द अवेकेंड वन' नामक सांस्कृतिक प्रदर्शनी का भी दौरा करेंगे। यह म्यांमार राष्ट्रपति की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है। उनके साथ कई मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और व्यापारिक प्रतिनिधियों का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है। वे मुंबई में व्यापारिक बैठकों और विभिन्न स्थलों का भी दौरा करेंगे। इससे पहले रविवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने उनसे मुलाकात की थी, जबकि 30 मई को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी उनसे बातचीत की थी और द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की बात कही थी।

राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग ने अपनी भारत यात्रा की शुरुआत बिहार के बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना से की थी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा भारत और म्यांमार के बीच बहुआयामी संबंधों को और गहराई देगी।

## बीमा/ बैंकिंग/ ज्वैलरी

Emerging Entrepreneur

### ट्रुथ एंड हेयर के संस्थापक सौम्या अलघ और शैलेश सिंह का सफर

# मॉडर्न भारतीय कस्टमर्स के लिए डेडिकेटेड हेयर ब्यूटी ब्रांड लॉन्च कर बनाई पहचान

**जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज**




मॉडर्न भारतीय कस्टमर्स के लिए डेडिकेटेड हेयर ब्यूटी ब्रांड ट्रुथ एंड हेयर फरवरी, 2024 में लॉन्च कर सौम्या अलघ और शैलेश सिंह ने अपनी पहचान कायम की है। वे हेयरकेयर पर एक अलग नजरिए के साथ भारत के भीड़भाड़ वाले ब्यूटी और पर्सनल केयर मार्केट में आए। जहां ज्यादातर ब्रांड क्लींजिंग और पोषण पर ध्यान देते थे, वहीं फाउंडर्स का मानना था कि बालों की हेल्थ और बालों की सुंदरता के बीच एक बड़ा अंतर है। कस्टमर्स ऐसे प्रोडक्ट्स चाहते थे जो ना सिर्फ उनके बालों की देखभाल करें बल्कि उन्हें स्टाइल करने, बेहतर बनाने और उन्हें इस तरह से मैनेज करने में भी मदद करें जिससे तुरंत रिजल्ट मिलें। यही सोच ट्रुथ एंड हेयर की नींव बनी, जो गुरुग्राम का एक स्टार्टअप है। यह आइडिया काफी हद तक सौम्या अलघ के सर्टिफाइड ट्राइकोलॉजिस्ट के बैकग्राउंड से आया। अपने काम के जरिए उन्होंने देखा कि अलग-अलग हेयर टेक्सचर वाले लोगों को अक्सर अपनी खास जरूरतों के हिसाब से प्रोडक्ट ढूंढने में मुश्किल होती है। सीधे वेवी और कर्ली बाल सभी अलग-अलग तरह से बिहेव करते हैं, फिर भी कई मेनस्ट्रीम ब्रांड सभी के लिए एक जैसे सॉल्यूशन देते रहे। इस कमी को देखते हुए फाउंडर्स ने हर किसी की बालों की परेशानियों के हिसाब से प्रोडक्ट बनाने का फैसला किया, साथ ही स्कैल्प की हेल्थ, स्टाइलिंग और अपीयरेंस पर भी बराबर ध्यान दिया। सिर्फ पुराने शैम्पू और कंडीशनर तक सीमित रहने के बजाय ट्रुथ एंड हेयर ने एक ऐसा पोर्टफोलियो बनाया, जिसमें हेयरकेयर को ब्यूटी पर फोकस करने वाले इनोवेशन के साथ मिलाया गया। कंपनी ने रूट टच-अप हेयर मस्कारा, फ्लाईअवे कंट्रोल वैंड, कर्ली हेयर स्टाइलिंग प्रोडक्ट, टेक्सचर-स्पेसिफिक शैम्पू और अलग-अलग तरह के बालों के लिए डिजाइन किए गए कंडीशनर पेश किए। इसके फॉर्मूलेशन में हाइलूरोनिक एसिड, कोलेजन और एलोवेरा जैसे इंग्रीडिएंट्स शामिल थे, साथ ही सल्फेट-फ्री और क्रुएल्टी-फ्री स्टैंडर्ड पर भी जोर दिया गया। फाउंडर्स ने ब्रांड को इस आइडिया के आस-पास रखा कि हेल्दी बाल हेल्दी स्कैल्प से शुरू होते हैं, जबकि स्टाइलिंग प्रोडक्ट कस्टमर्स को बालों की हेल्थ से कॉम्प्रोमाइज किए बिना मनचाहा लुक पाने में मदद करते हैं।

### स्टार्टअप को देशभर में मिली पहचान

शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 में आने के बाद इस स्टार्टअप को देश भर में पहचान मिली। पिच के दौरान फाउंडर्स ने बताया कि कैसे वे जाने-माने शैम्पू ब्रांड्स के साथ सीधे मुकाबला करने के बजाय बालों की सुंदरता पर ध्यान देकर इंडियन ब्यूटी मार्केट में एक नई कैटेगरी बनाने की कोशिश कर रहे थे। उनका फ्लैगशिप हेयर मस्कारा, जिसे जल्दी से जड़ों को टच-अप देने और दिखने वाले सफेद बालों को छिपाने के लिए डिजाइन किया गया था, कंपनी के सबसे खास प्रोडक्ट्स में से एक बनकर उभरा और इसने कस्टमर्स और इन्वेस्टर्स दोनों का ध्यान खींचने में मदद की। फाउंडर्स ने 2.5 परसेंट इक्विटी के लिए 1 करोड़ रुपए मांगे और बिजनेस की वैल्यू 40 करोड़ रुपए लगाई। हालांकि शार्क्स ने अलग पोजिशनिंग और कंपनी के शुरुआती ट्रैक्शन की तारीफ की, लेकिन उन्होंने वैल्यूएशन और लॉन्ग-टर्म स्केलेबिलिटी पर सवाल उठाए। बातचीत आखिरकार मामाअर्थ के को-फाउंडर वरुण अलघ के साथ डील पर पहुंची। उन्होंने 25 परसेंट इक्विटी के लिए 2.5 करोड़ रुपए का ऑफर दिया, एक ऐसा प्रपोजल जिसने कंपनी की वैल्यूएशन में काफी बदलाव किया लेकिन इस नए स्टार्टअप को कैपिटल के साथ-साथ एक ऐसे एंटरप्रेन्योर से स्ट्रेटेजिक गाइडेंस भी दिया जिसने भारत के सबसे बड़े डिजिटल-फर्स्ट ब्यूटी ब्रांड्स में से एक को सफलतापूर्वक बनाया था।

### प्रोडक्ट इनोवेशन पर ध्यान देकर ऑनलाइन चैनल के जरिए बढ़ाई पहुंच

शार्क टैंक में आने से ट्रुथ एंड हेयर को काफी पहचान मिली और ब्रांड को ज्यादा लोगों तक पहुंचाया। इस एपिसोड के बाद कंपनी ने प्रोडक्ट इनोवेशन पर ध्यान देना जारी रखा और ऑनलाइन चैनल के जरिए अपनी पहुंच बढ़ाई। इसका विजन ऐसे सॉल्यूशन बनाने पर रहा जो स्कैल्प केयर, बालों की हेल्थ और स्टाइलिंग के फायदों को एक ही इकोसिस्टम में मिलाते हैं। हेयर ब्यूटी प्रोडक्ट्स, हेयर स्टाइलिंग सॉल्यूशन और स्कैल्प-केयर प्रोडक्ट्स की रेंज बेचना जारी रखेगा।

हालांकि यह अभी भी एक नई कंपनी है, लेकिन इस ब्रांड ने साइंस-बेस्ड फॉर्मूलेशन और ब्यूटी-फोकस्ड इनोवेशन के कॉम्बिनेशन से बालों की चिंताओं को दूर करके एक खास जगह बनाई है। पारंपरिक हेयरकेयर प्रोडक्ट्स के दबदबे वाले मार्केट में ट्रुथ एंड हेयर की एक खास हेयर ब्यूटी कैटेगरी बनाने की कोशिश ने इसे भारत की बढ़ती ब्यूटी इंडस्ट्री में अलग दिखने और बढ़ती मौजूदगी बनाने में मदद की है।

# कॉइनबेस ने भारत में डायरेक्ट रुपये में लेनदेन शुरू किया

**मुंबई | बिज़नेस रेमेडीज**



कॉइनबेस के एपीएसी प्रमुख जॉन ओ'लॉघलेन

coinbase

एसएंडपी-500 की सदस्य कंपनी कॉइनबेस (नैस्डैक- कॉइन) ने आज भारत में अपने ग्राहकों के लिए डायरेक्ट रुपये (INR) में रेल लॉन्च की है। भारतीय ग्राहक अब P2P रेल या बिचौलियों पर निर्भर हुए बिना आईएमपीएस के माध्यम से सीधे अपने बैंक खातों से INR जमा और निकासी कर सकते हैं। कॉइनबेस FIU-IND के साथ पंजीकृत है और भारतीय कानूनों का पूरी तरह से अनुपालन करती है। ग्राहकों को कई तरह की एसेट्स में स्पॉट ट्रेडिंग के साथ-साथ प्रमुख क्रिप्टो एसेट्स को कवर करने वाले पर्पेचुअल फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स की सुविधा भी मिलती है। कॉइनबेस ने स्थानीय आईएनआर ऑर्डर बुक बनाई हैं जो भारतीय ग्राहकों को समर्पित लिक्विडिटी प्रदान करती हैं, साथ ही उन्हें अपने ग्लोबल एक्सचेंज तक निरंतर पहुंच भी प्रदान करती हैं।

कॉइनबेस के एपीएसी प्रमुख जॉन ओ'लॉघलेन ने कहा, कि डेवलपर प्रतिभा, ट्रेडिंग गतिविधि और ब्लॉकचेन तकनीक को व्यापक रूप से अपनाने के मामले में भारत लंबे समय से क्रिप्टो के सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक रहा है। डायरेक्ट INR रेल्स के लॉन्च के साथ हम कॉइनबेस को भारतीय खुदरा व्यापारियों के लिए पूरी तरह से सुलभ बना रहे हैं, उसी प्लेटफॉर्म के साथ जिस पर दुनिया भर के संस्थान और व्यापारी भरोसा करते हैं। हम FIU-IND के साथ पंजीकृत हैं और यहां दीर्घकालिक रूप से बने रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कॉइनबेस एडवांस्ड (Coinbase Advanced) उन ग्राहकों के लिए पेशेवर स्तर के टूल प्रदान करता है जो उन्नत कार्यक्षमता चाहते हैं, जिनमें संस्थागत मानकों के अनुरूप निर्मित एपीआई, वेबसाकेट (WebSocket) ऑर्डर बुक स्ट्रीमिंग और ऑर्डर प्रकारों की पूरी श्रृंखला शामिल है। जो ग्राहक विवेकाधीन दृष्टिकोण पसंद करते हैं, उनके लिए ट्रेडिंगव्यू चार्टिंग एकीकृत है। स्थानीय प्लेटफॉर्म की तुलना में टेकर शुल्क प्रतिस्पर्धी हैं और INR पर कोई जमा शुल्क नहीं है। व्यापक वैश्विक तरलता स्थानीय ऑर्डर बुक की तुलना में कम स्प्रेड और कम स्लिपेज का समर्थन करती है। कॉइनबेस अपने ग्राहकों की अधिकांश क्रिप्टो करेंसी को कोल्ड स्टोरेज में रखता है।

एक समर्पित क्राइम इंश्योरेंस पॉलिसी बनाए रखता है और उद्योग सुरक्षा मानकों के अनुसार नियमित रूप से ऑडिट किया जाता है। कंपनी तिमाही आधार पर ऑडिट किए गए वित्तीय विवरण प्रकाशित करती है और ब्लैक रॉक तथा दुनिया के लगभग एक तिहाई सबसे बड़े एसेट मैनेजरों की कस्टडी पार्टनर है। इसके FIU-IND पंजीकरण का अर्थ है कि कॉइनबेस भारत में वर्चुअल डिजिटल एसेट सेवा प्रदाताओं के लिए स्थापित अनुपालन ढांचे के तहत काम करता है।

यह लॉन्च भारतीय इकोसिस्टम में कई वर्षों के निवेश पर आधारित है। कॉइनबेस भारत के अग्रणी क्रिप्टो एक्सचेंजों में से एक कॉइनडीसीएक्स में निवेशक है। कॉइनबेस के एथेरियम लेयर 2 नेटवर्क, बेस के माध्यम से कंपनी ने हैकाथॉन, प्रत्यक्ष अनुदान और फेलोशिप के जरिए भारतीय डेवलपर समुदाय में 1 मिलियन डॉलर से अधिक का निवेश किया है। भारत में 4,000 से अधिक बिल्डरों ने बेस पर प्रोजेक्ट बनाए हैं, जिनमें से लगभग 150 प्रोजेक्ट स्टार्टअप में तब्दील हो चुके हैं। मौजूदा कॉइनबेस यूजर्स को आने वाले हफ्तों में INR रेल की सुविधा मिलेगी। नए यूजर्स coinbase.com पर खाता बना सकते हैं।

# प्रामेरिका लाइफ इंश्योरेंसः लगातार तीसरे वर्ष दोहरे अंकों की बढ़त

**गुरुग्राम | बिज़नेस रेमेडीज**

Pramerica LIFE INSURANCE

प्रामेरिका लाइफ इंश्योरेंस ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

कंपनी ने लगातार तीसरे वर्ष दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की है। पिछले वित्तीय वर्ष में, डिस्ट्रीब्यूशन चैनलों (वितरण माध्यमों) में बेहतरीन प्रदर्शन के चलते, कंपनी ने न्यू बिजनेस प्रीमियम में सालाना 19 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की, जबकि एनुअलाइज्ड प्रीमियम इक्विवेलेंट में सालाना 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। लगातार तीन वर्षों से बढ़ता हुआ 99.29 प्रतिशत का क्लेम पेड रेशियो , कंपनी के बिजनेस की मजबूत और भरोसेमंद क्वालिटी को दर्शाता है। प्रामेरिका लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ पंकज गुप्ता ने कहा कि हम एक ऐसे कारोबार के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसकी नींव स्थिर और निरंतर प्रगति पर आधारित हो। लगातार तीसरे वर्ष दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज करना इसी सोच का परिणाम है। यह उपलब्धि मजबूत और संतुलित वितरण चैनलों, ग्राहकों पर स्पष्ट फोकस, वास्तविक जरूरतों के अनुरूप उत्पाद रणनीति और सशक्त जोखिम प्रबंधन ढांचे के कारण संभव हुई है। प्रामेरिका लाइफ ने पिछले वित्तीय वर्ष में अपने मार्केट-लिंक्ड (बाजार से जुड़े) उत्पादों के तहत 'निफ्टी मिडकैप 50 कोरिलेशन फंड' और 'राइजिंग भारत फंड' पेश किए। इन दोनों फंडों ने व्यापक बाजार बेंचमार्क की तुलना में बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

# लद्दाख स्थित 'कारगिल वॉर मेमोरियल' पर्यटकों के लिए बना तीर्थस्थल



**बिज़नेस रेमेडीज/कश्मीर**

जब आप घर जाएं तो लोगों को जरूर बताएं कि आपके कल के लिए हमने अपना आज कुर्बान किया है। कारगिल के द्रास में स्थित कारगिल वार मेमोरियल में उकेरी ये पंक्तियां किसी भी भारतीय को गौरवान्वित होकर शहीद सैनिकों के प्रति शीश नवाने को बाध्य कर देती हैं। यही वह जगह है, जहां देश आज से 20 वर्ष पहले कारगिल युद्ध में शहीद हुए अपने 500 से ज्यादा उन रणबांकुरों को प्रतिवर्ष 26 जुलाई को कृतज्ञता से याद करता है, जिन्होंने देश की रक्षा करने में अपनी जान की बाजी लगा दी।

द्रास में जब से कारगिल वॉर मेमोरियल बना, कारगिल एक तरह से तीर्थस्थल बन गया है। उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान के बीच 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था। 8 मई, 1999 में ही इसकी शुरुआत हो चुकी थी, जब पाकिस्तानी सैनिकों और कश्मीरी आतंकियों को कारगिल की चोटी पर देखा गया था। बाद में भारतीय सेना के जाबांजो ने उन्हें खदेड़ कर इस युद्ध में देश को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

यह वॉर मेमोरियल न सिर्फ देश, बल्कि द्रास के लोगों के लिए भी उन 500 से ज्यादा सैनिकों को अपनी यादों में ताजा रखने का एक जरिया है। कारगिल शहर से इस वार मेमोरियल की दूरी करीब 60 किमी. है। इस वॉर मेमोरियल को 9 नवंबर, 2004 को देश को समर्पित किया गया था। जहां पर तिरंगा लहराता है, उसके ठीक पीछे आपको एक तरफ टाइगर-हिल तो दूसरी ओर तोलोलिंग हिल नजर आएगा। यहां गुलाबी रंग की इमारत में दिल्ली के इंडिया गेट की तर्ज पर एक अमर जवान ज्योति जलती रहती है। वहां पर पीछे की ओर ही एक बड़ी-सी दीवार पर आपको सभी शहीदों के नाम लिखे हुए मिलेंगे। बगल में सभी शहीदों के नाम के साथ उनकी बटालियन लिखे हुए पत्थर भी लगाए गए हैं।

**कब और कैसे पहुचे :** मई और जून के बीच की अवधि कारगिल भ्रमण के लिए आदर्श मानी जाती है। कारगिल, श्रीनगर के निकट स्थित है और यहां तक सड़क मार्ग से आसानी से पहुंचा जा सकता है। कारगिल के सबसे निकटतम हवाईअड्डे लेह और श्रीनगर हैं। ये हवाईअड्डे भारत के कई शहरों से अच्छी तरह जुड़े हुए हैं। कारगिल के लिए निकटतम रेल लिंक जम्मूतवी रेलवे स्टेशन है, जो लगभग 480 किमी. की दूरी पर स्थित है। यह रेलवे स्टेशन देश के कई शहरों से जुड़ा हुआ है। श्रीनगर-लेह सड़क मार्ग द्वारा कारगिल पहुंचा जा सकता है। यह मार्ग जून के मध्य से नवंबर तक खुला रहता है। जम्मू व कश्मीर राज्य परिवहन निगम की सामान्य एवं डीलक्स बसें नियमित रूप से इस मार्ग पर चलती हैं, जिनके माध्यम से कारगिल पहुंचा जा सकता है। इसके अलावा, श्रीनगर और लेह से टैक्सी द्वारा भी कारगिल पहुंचा जा सकता है।

# शीर्ष 1000 में आकाश के 111 छात्र, राजस्थान के यशवर्धन ने हासिल की एआईआर-52

**जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज**



देश की अग्रणी परीक्षा तैयारी संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने जेईई एडवांस्ड 2026 में एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का शानदार प्रदर्शन किया है। देशभर में आकाश के 11 छात्रों ने टॉप-100 में, 25 छात्रों ने टॉप-200 में, 54 छात्रों ने टॉप-500 में तथा 111 छात्रों ने टॉप-1000 में स्थान प्राप्त कर संस्थान का परचम लहराया है।

देश के लाखों अभ्यर्थियों के बीच यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, समर्पण और आकाश की अनुभवी फैकल्टी, वैज्ञानिक शिक्षण पद्धति तथा परिणाम-केंद्रित मार्गदर्शन का प्रमाण है। जेईई एडवांस्ड विश्व की सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक मानी जाती है, जिसके परिणाम इस वर्ष आईआईटी रुड़की द्वारा घोषित किए गए। राष्ट्रीय स्तर की इस सफलता में राजस्थान के छात्रों का योगदान भी उल्लेखनीय रहा। आकाश राजस्थान के छात्र यशवर्धन ने एआईआर-52 प्राप्त कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया, जबकि यथव अग्रवाल ने एआईआर-239 हासिल की। इनके अतिरिक्त रजत डबू (एआईआर-1342), देवर्धि हीरेन रावल (एआईआर-1597), वैदिक दाधीच (एआईआर-1702), विभोर माहेश्वरी (एआईआर-1856), मनीष शर्मा (एआईआर-2084), वियांशु गुप्ता (एआईआर-2120), नेहा पारवानी (एआईआर-2396), कुणाल अंकोलिया (एआईआर-2580), वियांश भंडारी (एआईआर-2754) तथा सलिशा अग्रवाल (एआईआर-3626) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ये सभी छात्र आकाश के क्लासरूम कार्यक्रम का हिस्सा रहे, जिसे विशेष रूप से जेईई एडवांस्ड जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए तैयार किया गया है। यह कार्यक्रम छात्रों में गहरी वैचारिक समझ, विश्लेषणात्मक सोच तथा समस्या समाधान क्षमता विकसित करने पर केंद्रित है।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के क्षेत्रीय निदेशक अखिलेश दीक्षित ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा, कि जेईई एडवांस्ड 2026 के परिणाम हमारे छात्रों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ-साथ आकाश की उत्कृष्ट शैक्षणिक व्यवस्था का प्रमाण हैं। राष्ट्रीय स्तर पर टॉप-1000 में 111 छात्रों का चयन और राजस्थान के छात्रों का शानदार प्रदर्शन हमारे लिए गर्व का विषय है। हम सभी सफल विद्यार्थियों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

अपनी सफलता पर छात्रों ने कहा कि पूरे तैयारी सफर में आकाश द्वारा प्रदान किए गए मार्गदर्शन, अकादमिक सहायता और मेंटरशिप ने हमारी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नियमित कक्षाओं, अध्ययन सामग्री, मॉक टेस्ट और सतत मूल्यांकन ने हमारे कॉन्सेप्ट्स को मजबूत करने तथा प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद की। हम अपने शिक्षकों और अभिभावकों के प्रति आभारी हैं, जिनके सहयोग के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। जेईई एडवांस्ड उन छात्रों के लिए आयोजित की जाती है जिन्होंने जेईई मेन्स परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की हो। आइआईटी में प्रवेश के लिए यह परीक्षा अनिवार्य मानी जाती है और देश की सबसे प्रतिष्ठित तथा चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में शामिल है।

# छठी मकाओ विश्वविद्यालय राजनयिक भाषण प्रतियोगिता सफलतापूर्वक आयोजित

**बीजिंग | एजेंसी**

'वैश्विक शासन पहल के कार्यान्वयन को बढ़ावा देने के लिए मकाओ के अद्वितीय संस्थागत और सांस्कृतिक लाभों का उपयोग' विषय पर आयोजित छठी मकाओ विश्वविद्यालय राजनयिक भाषण प्रतियोगिता का फाइनल चीन के मकाओ विशेष प्रशासनिक क्षेत्र स्थित मकाओ पॉलिटेक्निक विश्वविद्यालय में संपन्न हुआ।

मकाओ के आठ विश्वविद्यालयों के आठ प्रतियोगियों ने एक ही मंच पर प्रतिस्पर्धा की। प्रतिभागियों ने मकाओ की 'एक देश, दो प्रणाली' की श्रेष्ठता और चीनी और पश्चिमी संस्कृतियों के मिश्रण के फायदों के बारे में अपनी समझ को समझाया और वैश्विक शासन पहल को लागू करने वाले मकाओ के युवाओं की प्रेरक कहानियां साझा कीं। प्रतियोगियों ने कहा कि इस प्रतियोगिता से अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का विश्लेषण करने की उनकी क्षमता और जनता के साथ संवाद करने की उनकी क्षमता में काफी सुधार हुआ है। गौरतलब है कि मकाओ विश्वविद्यालय राजनयिक भाषण प्रतियोगिता, मकाओ में चीनी विदेश मंत्रालय के आयुक्त कार्यालय और मकाओ स्थानीय सरकार द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित एक सार्वजनिक कूटनीति ब्रांड है, जिसका उद्देश्य मकाओ के विश्वविद्यालयों को चीनी विशेषता वाली प्रमुख-देश कूटनीति और मकाओ से संबंधित कूटनीति के बारे में जागरूक करना है।



# जेईई एडवांस्ड-2026 में मोशन ने फिर लहराया परचम, टॉप 100 में मोशन के 4 स्टूडेंट्स, क्वालिफाइंग रेशियो रहा 50 प्रतिशत

**कोटा | बिज़नेस रेमेडीज**




जेईई एडवांस्ड 2026 के परिणाम में मोशन एजुकेशन ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है। सोमवार शाम तक प्राप्त परिणामों के अनुसार संस्थान के 4 विद्यार्थियों ने अपनी केटेगिरी के ऑल इंडिया टॉप 100 में जगह बनाई है, जबकि संस्थान का कुल क्वालिफाइंग रेशियो करीब 50 प्रतिशत रहा।

मोशन एजुकेशन के फाउंडर और एजुकेटर नितिन विजय ने बताया कि हमारे जिन स्टूडेंट्स ने अपनी केटेगिरी के ऑल इंडिया टॉप 100 में जगह बनाई उनमें अर्णव राज ओबीसी 57, सुशांत अग्रवाल जनरल 59, आलोक यादव ओबीसी 67 और पंवार आर्य प्रशांत ओबीसी रैंक 72 शामिल हैं। मोशन के करीब 3000 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा दी थी। उनमें से 1500 ने क्वालीफाई किया है। जनरल, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी केटेगिरी के टॉप 2000 में 70 विद्यार्थी मोशन एजुकेशन से आए हैं।

**सफलता का जश्न मनाया :** इंद्रप्रस्थ इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मोशन एजुकेशन के द्रोणा-2 कैम्पस में सोमवार शाम सफलता का भव्य जश्न मनाया गया। टॉपर्स और उनके अभिभावकों का जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया गया। विद्यार्थियों, फैकल्टी और स्टाफ ने केक काटकर, ढोल बजवाकर नृत्य किया तथा आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की। समारोह में ज्वाइंट डायरेक्टर एवं जेईई डिवीजन हेड रामरतन द्विवेदी, डिप्टी डायरेक्टर निखिल श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ फैकल्टी मौजूद रहे।

**टॉपर्स ने दिए कामयाबी के फंडे :** समारोह में टॉपर्स ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कोटा और मोशन का अनुशासित एवं प्रेरणादायक माहौल उनकी सफलता की मजबूत आधार बना। यहां की अनुभवी और सपोर्टिव फैकल्टी, डेली सेल्फ स्टडी, रेगुलर मॉक टेस्ट और टॉपिक-वाइज शॉर्ट नोट्स ने उन्हें लक्ष्य तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। केवल अंतिम महीनों की पढ़ाई से सफलता नहीं मिलती, बल्कि निरंतर मेहनत, सही रणनीति और क्लासरूम गाइडेंस को नियमित फॉलो करना जरूरी होता है। एडवांस्ड में फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स के साथ फोकस, मानसिक क्षमता और प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स भी बेहद महत्वपूर्ण होती हैं। उन्होंने अपनी पढ़ाई को छोटे-छोटे टारगेट्स में विभाजित किया और लगातार नोट्स बनाकर रिवीजन की आदत डाली।

**जोसा काउंसलिंग आज से :** जेईई एडवांस्ड 2026 का परिणाम जारी होने के बाद विद्यार्थियों के लिए अगला बड़ा चरण जोसा काउंसलिंग का है। 2 जून से जॉइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी (जोसा) की काउंसलिंग प्रक्रिया के तहत रजिस्ट्रेशन और चॉइस फिलिंग शुरू होगी। अभ्यर्थी अपनी रैंक, कैटेगरी और सीटों की उपलब्धता के आधार पर आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपलआईटी तथा अन्य प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों के लिए विकल्प भर सकेंगे।

# 'लंबे समय तक एसिडिटी की दवा से हड्डियां हो रही कमजोर'

**जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज**




आम तौर पर देखा गया है कि डायबिटीज, हार्ट डिजीज की दवाइयां लंबे समय तक चलती है। ऐसे रोगियों को एसिडिटी की दवा भी सुबह खाली पेट लेनी होती है। नई शोध में सामने आया है कि एसिडिटी की दवा का भी साइड इफेक्ट देखने में आ रहा है। पेट की जलन या गैस की समस्या के लिए रोज़ सुबह खाली पेट ली जाने वाली दवाएं अगर महीनों या सालों तक लगातार ली जाएं तो यह हड्डियों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती हैं। प्रोटॉन पंप इन्हिबिटर (जैसे ओमेप्राज़ोल, पैंटोप्राज़ोल आदि) दवाएं पेट में बनने वाले एसिड को कम करती हैं जबकि एसिड शरीर में कैल्शियम के अवशोषण के लिए जरूरी भी होता है। जब एसिड का स्तर लंबे समय तक कम रहता है तो कैल्शियम सही से शरीर में नहीं पहुंच पाता और धीरे-धीरे हड्डियां कमजोर पड़ने लगती हैं। यही स्थिति आगे चलकर ऑस्टियोपोरोसिस का रूप ले लेती है। यह चिंताजनक जानकारी जयपुर में आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस आईएसबीएमआर 2026 में विशेषज्ञों ने दी। आंकड़ों की मानें तो भारत में 25 से 40 प्रतिशत लोग लंबे समय से सुबह खाली पेट गैस की दवा लेते हैं।

महात्मा गांधी अस्पताल में हार्मोन रोग विभागाध्यक्ष तथा कॉन्फ्रेंस के आयोजन सचिव डॉ. राजीव कासलीवाल ने बताया कि जयपुर में आईएसबीएमआर की पहली नेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई है जिसमें एंडोक्राइन सोसाइटी ऑफ इंडिया (राजस्थान एफ़िलिएट) और राजस्थान ऑर्थोपेडिक सर्जन्स एसोसिएशन भी शामिल हैं। इस दौरान 400 से अधिक डेलीगेट्स और फैकल्टी ने भाग लिया। कॉन्फ्रेंस के वैज्ञानिक सत्रों में मेटाबॉलिक बोन डिजीज और ऑस्टियोपोरोसिस से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। डॉ. संजय भड़ाडा ने हाइपरपैराथायरॉइडिज्म के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। कॉन्फ्रेंस के ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. शैलेश लोढ़ा ने बताया कि मोटापा और हड्डियों के संबंध पर आयोजित सत्र में डॉ. नितिन कपूर ने 'हेवी बॉडी, फ्रैजाइल बोन्स' विषय पर व्याख्यान दिया। ऑस्टियोपोरोसिस सत्र में डॉ. राजेश खड़गावत ने बाल्यावस्था में ऑस्टियोपोरोसिस के मूल्यांकन और प्रबंधन पर जानकारी दी, वहीं डॉ. संबित दास ने सेकेंडरी ऑस्टियोपोरोसिस के कारणों और पहचान पर विशेषज्ञ व्याख्यान प्रस्तुत किया।

**खाली पेट गैस की दवा लेने से कैसे होता है असर :** दिल्ली एम्स के डॉ. राजेश खड़गावत ने बताया कि इन दवाओं के लगातार सेवन से मैग्नीशियम और विटामिन बी12 की कमी भी हो जाती है, जो हड्डियों को मजबूत बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। कई शोधों में पाया गया है कि जो लोग एक साल से अधिक समय तक एसिडिटी की दवाएं नियमित रूप से लेते हैं, उनमें हड्डी टूटने का खतरा 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। सबसे ज्यादा असर मेनोपॉज़ के बाद की महिलाओं और बुजुर्गों में देखा गया है, जिनकी हड्डियां पहले से ही नाजुक होती हैं।

# साइलेंट खतरा बन रहा फैटी लीवर, समय रहते संभल जाएं वरना पड़ सकता है भारी : डॉ. यासीन अली

**जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज**





आज की भागदौड़ भरी जिंदगी, अनियमित खानपान और बढ़ती लापरवाही के बीच फैटी लीवर डिसीज़ तेजी से लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। यह एक ऐसी बीमारी है जो शुरुआत में बिना किसी खास लक्षण के शरीर में पनपती रहती है, लेकिन समय पर ध्यान न देने पर गंभीर रूप ले सकती है। जयपुर के चिकित्सक डॉ. यासीन अली ने फैटी लीवर को लेकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

डॉ. यासीन अली के अनुसार फैटी लीवर तब होता है जब लीवर में जरूरत से ज्यादा चर्बी जमा होने लगती है। इसके पीछे तला-भुना भोजन, फास्ट फूड, मोटापा, व्यायाम की कमी, डायबिटीज और खराब दिनचर्या बड़ी वजह हैं। उन्होंने बताया कि कई बार मरीज को लंबे समय तक इसका पता भी नहीं चलता। फैटी लीवर के मरीजों में पेट में भारीपन, थकान, कमजोरी, भूख कम लगना और पेट फूलने जैसी शिकायतें देखी जा सकती हैं। हालांकि कई लोगों में शुरुआती दौर में कोई लक्षण नजर नहीं आते। उन्होंने कहा कि इससे बचाव के लिए रोजाना पैदल चलना, वजन नियंत्रित रखना, हरी सब्जियां और फल खाना, पर्याप्त पानी पीना और तला-भुना भोजन कम करना बेहद जरूरी है। समय-समय पर जांच भी करानी चाहिए। डॉ. यासीन अली ने कहा कि सही समय पर पहचान और जीवनशैली में बदलाव से फैटी लीवर को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि शरीर के छोटे संकेतों को नजरअंदाज न करें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, क्योंकि स्वस्थ लीवर ही स्वस्थ शरीर की पहचान है।

# जेईई एडवांस्ड 2026 में एलन जयपुर का शानदार प्रदर्शन, शहर के टॉप रैंकर्स एलन से, प्रखर शर्मा ने AIR 69 प्राप्त कर जयपुर सिटी टॉपर

**जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज**



जेईई एडवांस्ड 2026 के घोषित परिणामों में एलन जयपुर के क्लासरूम विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शहर और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया है। एलन के जोनल हेड एवं वाइस प्रेसिडेंट अरुण जैन ने बताया कि जेईई एडवांस्ड 2026 में एलन जयपुर के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इनमें प्रखर शर्मा ने AIR 69 प्राप्त कर जयपुर सिटी टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। वहीं रुचित अग्रवाल ने AIR 99 के साथ जयपुर सिटी सेकंड टॉपर का स्थान प्राप्त किया तथा चयनिका मंडल ने AIR 279 प्राप्त कर जयपुर सिटी गर्ल्स टॉपर बनने का गौरव हासिल किया।

राष्ट्रीय स्तर पर भी एलन जयपुर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। संस्थान के 2 विद्यार्थियों ने टॉप-100, 4 विद्यार्थियों ने टॉप-200, 8 विद्यार्थियों ने टॉप-500, 17 विद्यार्थियों ने टॉप-1000, 21 विद्यार्थियों ने टॉप-1500, 26 विद्यार्थियों ने टॉप-2000 तथा 53 विद्यार्थियों ने टॉप-5000 में स्थान प्राप्त किया है। अरुण जैन ने बताया कि यह सफलता एलन जयपुर की सुदृढ़ शैक्षणिक व्यवस्था, अनुभवी फैकल्टी टीम, नियमित मूल्यांकन प्रणाली तथा विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में भी एलन जयपुर इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देकर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।

**प्रमुख उपलब्धियाँ – JEE Advanced 2026**

प्रखर शर्मा (AIR 69) - जयपुर सिटी टॉपर।

रुचित अग्रवाल (AIR99) - जयपुर सिटी सेकंड टॉपर

चयनिका मंडल (AIR 279) -जयपुर सिटी गर्ल्स टॉपर

इन रिजल्ट्स के साथ एलन ने अब तक आईआईटी-जेईई में 7 बार ऑल इंडिया रैंक-1 दिए हैं तथा अपने इतिहास में दूसरी बार ऑल इंडिया रैंक-1, 2 और 3 को दोहराया है। इससे पहले वर्ष 2016 में भी एलन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। एलन के विद्यार्थियों ने देश की टॉप-10 रैंक में से 6, टॉप 50 में 24 क्लासरूम स्टूडेंट्स रहे है, इसके साथ टॉप-100 में 41 स्थान प्राप्त किए हैं। यह प्रदर्शन एक बार फिर साबित करता है कि राष्ट्रीय स्तर पर टॉप रैंकर्स तैयार करने में एलन देश का सबसे सफल और लगातार प्रदर्शन करने वाला संस्थान है। देशभर में एलन की सफलता की अगुवाई एलन के कोटा क्लासरूम स्टूडेंट शुभम कुमार ने की। शुभम ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की। श्रेष्ठता के दौर को जारी रखते हुए एलन के ही क्लासरूम स्टूडेंट कबीर छिल्लर ने 360 में से 329 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-2 तथा जतिन चाहर ने 319 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-3 प्राप्त की। इसके साथ ही ऑल इंडिया गर्ल्स टोपर आरोही देशपांडे भी एलन कोटा क्लासरूम से है। आरोही ने 280 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-77 प्राप्त की है।

# itel Aqua फीचर फोन हुआ लॉन्च




**नई दिल्ली | बिजनेस रेमेडीज**

itel ने भारतीय बाजार में अपनी नई Inno Series लॉन्च कर दी है। इस सीरीज के तहत कंपनी ने itel Aqua फीचर फोन पेश किया है। कंपनी का दावा है कि यह भारत का इकलौता फीचर फोन है जो IP67 रेटिंग के साथ आता है। इसका मतलब है कि डिवाइस पानी और धूल से सुरक्षा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसके अलावा फोन में AI Environmental Noise Cancellation (ENC) फीचर भी दिया गया है, जिसका उद्देश्य शोर-शराबे वाले माहौल में कॉलिंग एक्सपीरिएंस को बेहतर बनाना है। कंपनी के मुताबिक नई Inno Series को रोजमर्रा की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। कीमत और उपलब्धता की बात करें तो itel Aqua की कीमत 1,799 रुपये रखी गई है। यह फीचर फोन Blue, Red और Black कलर ऑप्शन्स में उपलब्ध होगा। ग्राहक इसे देशभर के रिटेल स्टोर्स से खरीद सकते हैं। itel ने बताया कि कंपनी द्वारा किए गए एक आंतरिक सर्वे में सामने आया कि फीचर फोन बदलने की लगभग 42 प्रतिशत वजह पानी से होने वाला नुकसान है। इसी को ध्यान में रखते हुए itel Aqua में IP67 रेटिंग दी गई है। कंपनी का दावा है कि यह डिवाइस 30 मिनट तक पानी में रहने की स्थिति को झेल सकता है। साथ ही इसे धूल, कीचड़ और नमी वाले वातावरण में इस्तेमाल करने के लिए भी डिजाइन किया गया है। कॉलिंग एक्सपीरिएंस को बेहतर बनाने के लिए फोन में AI Environmental Noise Cancellation (ENC) फीचर दिया गया है। कंपनी के मुताबिक यह तकनीक बाजार, फैक्ट्री, निर्माण स्थल और ट्रैफिक जैसी शोर वाली जगहों पर बैकग्राउंड नॉइज को कम करने में मदद करती है, जिससे कॉल के दौरान आवाज अधिक स्पष्ट सुनाई दे सकती है। itel Aqua में 2.4 इंच का डिस्प्ले दिया गया है। फोन को पावर देने के लिए 1200mAh बैटरी मिलती है।

# मारुति ने मई में रिकॉर्ड 2.42 लाख से ज्यादा वाहन बेचें

## कुल बिक्री में 34.8 प्रतिशत की शानदार बढ़ोतरी दर्ज




**नई दिल्ली बीआर न्यूज नेटवर्क**
**businessremedies.com**

देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने मई 2026 में अपनी अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री दर्ज करते हुए नया रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी ने मई के दौरान कुल 2,42,688 वाहनों की बिक्री की, जो अप्रैल में बने पिछले रिकॉर्ड से भी अधिक है। पिछले वर्ष मई में कंपनी ने 1,80,077 वाहनों की बिक्री की थी। इस प्रकार कंपनी की कुल बिक्री में सालाना आधार पर लगभग 34.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। घरेलू बाजार में मजबूत मांग, यूटिलिटी वाहनों की बढ़ती लोकप्रियता और निर्यात में शानदार प्रदर्शन ने इस रिकॉर्ड उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**घरेलू बिक्री ने बनाया नया कीर्तिमान**

मारुति सुजुकी ने बताया कि मई 2026 में उसकी घरेलू बिक्री 1,93,535 इकाइयों तक पहुंच गई, जो एक वर्ष पहले की 1,38,690 इकाइयों की तुलना में लगभग 39 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के लिए यह घरेलू बाजार में अब तक का सबसे बेहतर प्रदर्शन रहा। इससे पहले अप्रैल 2026 में भी कंपनी ने 1,91,122 वाहनों की रिकॉर्ड घरेलू बिक्री दर्ज की थी, जिसने दिसंबर 2025 में बने 1,82,165 इकाइयों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया था।

**पैसेंजर और यूटिलिटी वाहन बने विकास के प्रमुख इंजन**

हैचबैक, सेडान, वैन और यूटिलिटी वाहनों वाले पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट ने कंपनी की वृद्धि का नेतृत्व किया। इस श्रेणी में कुल 1,90,337 इकाइयों की बिक्री हुई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 1,35,962 इकाइयों का था। विशेष रूप से ब्रेज़ा, फ्रॉन्क्स, जिम्नी, ग्रैंड विटारा, विक्टोरिस, अर्टिगा, एक्सएल6 और इनविक्टो जैसे यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 44.4 प्रतिशत बढ़कर 79,267 इकाइयों तक पहुंच गई, जो पिछले वर्ष 54,899 इकाइयों पर थी। वहीं ऑल्टो और एस-प्रेसो की बिक्री दोगुने से अधिक बढ़कर 16,275 इकाइयों तक पहुंच गई, जो छोटे वाहनों की मजबूत मांग को दर्शाती है।

**निर्यात और वाणिज्यिक वाहनों में भी मजबूत बढ़त**

कंपनी का निर्यात प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा। मई 2026 में मारुति सुजुकी ने 41,914 वाहनों का निर्यात किया, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह आंकड़ा 31,219 इकाइयों का था। इसके अलावा अन्य ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स (ओईएम) को 7,239 इकाइयों की आपूर्ति की गई। वाणिज्यिक वाहन श्रेणी में भी वृद्धि देखने को मिली, जहां बिक्री 2,728 इकाइयों से बढ़कर 3,198 इकाइयों तक पहुंच गई। यह प्रदर्शन दर्शाता है कि कंपनी न केवल घरेलू बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपनी मजबूत स्थिति बनाए हुए है।

**रेल आधारित परिवहन और कीमतों में वृद्धि की तैयारी**

मारुति सुजुकी ने भविष्य की योजनाओं को लेकर भी महत्वपूर्ण जानकारी दी है। कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2030-31 तक रेल मार्ग के जरिए वाहन डिस्पैच की हिस्सेदारी बढ़ाकर 35 प्रतिशत करना है। इसके लिए कंपनी अपनी आगामी खरखौदा विनिर्माण इकाई में इन-प्लांट रेलवे साइडिंग स्थापित करने की योजना बना रही है। कंपनी का मानना है कि इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी, ईंधन की बचत होगी और सड़कों पर यातायात का दबाव घटेगा। दूसरी ओर, कच्चे माल और परिचालन लागत में लगातार वृद्धि के चलते कंपनी ने जून 2026 से अपने विभिन्न मॉडलों की कीमतों में 30,000 रुपये तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा भी की है। इसके बावजूद कंपनी की बिक्री में रिकॉर्ड वृद्धि यह संकेत देती है कि बाजार में उसके उत्पादों की मांग मजबूत बनी हुई है।

# हॉंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने मई 2026 में कुल 5.18 लाख यूनिट्स की बिक्री दर्ज की

## 12% YoY वृद्धि दर्ज की गई

**गुरुग्राम | बिजनेस रेमेडीज**

हॉंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एचएमएसआई) ने मई 2026 में कुल 5.18 लाख यूनिट्स की बिक्री की, जो मई 2025 में बेची गई 4.65 लाख यूनिट्स की तुलना में साल-दर-साल 12% की बढ़ोतरी है।

मई 2026 में, घरेलू बिक्री 4.59 लाख यूनिट्स रही, जो पिछले साल इसी महीने बेची गई 4.17 लाख यूनिट्स से 10% ज़्यादा है। मई 2026 में एक्सपोर्ट 0.59 लाख यूनिट्स रहा, जो मई 2025 में एक्सपोर्ट की गई 0.47 लाख यूनिट्स की तुलना में 24% ज़्यादा है। इस महीने टू-व्हीलर मार्केट में लगातार डिमांड देखी गई। अलग-अलग तरह के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो और देश भर में 7,000 से ज़्यादा टचपॉइंट्स के बड़े नेटवर्क के दम पर, एचएमएसआई कस्टमर एक्सेसिबिलिटी को मज़बूत करना और मार्केट में अपनी पहुंच बढ़ाना जारी रखे हुए है।

| Snapshot | | | |
|---|---|---|---|
| Item | May 2026 (Units) | May 2025 (Units) | Y-o-Y (%) |
| Total sales | 5,18,777 | 4,65,109 | 12% Growth |
| Domestic sales | 4,59,611 | 4,17,250 | 10% Growth |
| Exports | 59,166 | 47,859 | 24% Growth |

# टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की बिक्री मई में 42 प्रतिशत बढ़ी, ईवी बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची

**नई दिल्ली | बिजनेस रेमेडीज**

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड की मई में कुल बिक्री 42 प्रतिशत बढ़कर 59,790 इकाई हो गई। मई, 2025 में यह 42,040 इकाई रही थी। मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 41,557 इकाई के मुकाबले 42 प्रतिशत बढ़कर 59,090 इकाई हो गई। वहीं, अंतरराष्ट्रीय बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री मई, 2026 में 700 इकाई रही जो पिछले साल मई के 483 इकाई के मुकाबले 45 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के अनुसार, मासिक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बिक्री 10,517 इकाइयों के नए उच्च स्तर पर पहुंच गई जिससे भारत के इलेक्ट्रिक परिवहन क्षेत्र में टाटा मोटर्स की बढ़त और मजबूत हुई है।

**विविध**

# भारतीय उद्यमी गगन गुप्ता के अफ्रीकी ईवी प्लेटफॉर्म स्पाइरो ने जुटाए 215 मिलियन डॉलर, पुणे टेक सेंटर करेगा इस विस्तार की अगुवाई

**पुणे | बिजनेस रेमेडीज**

स्पाइरो ने अफ्रीका में अपने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और बैटरी-स्वैपिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार में तेजी लाने के लिए 215 मिलियन डॉलर के निवेश राउंड की घोषणा की है। एफईडीए जैसे पुराने संस्थागत भागीदारों के साथ बने रिश्तों को आगे बढ़ाते हुए, स्पाइरो के इस नए इक्विटी राउंड ने यूरोप और अफ्रीका से वैश्विक पूंजी आकर्षित की है। यह उभरते बाजारों में बड़े पैमाने के इंफ्रास्ट्रक्चर आधारित बिजनेस मॉडल पर बढ़ते वैश्विक भरोसे की पुष्टि करता है। अपने उत्पाद पोर्टफोलियो, तकनीक और एनर्जी इकोसिस्टम में वर्षों के सुधार के बाद, स्पाइरो अब शुरुआती परीक्षण के चरण से आगे निकल चुका है और अफ्रीका में अपने विस्तार के अगले चरण के लिए पूरी तरह तैयार है।

यह निवेश स्पाइरो के बैटरी-स्वैपिंग नेटवर्क का दायरा बढ़ाएगा, उसकी औद्योगिक और असेंबली मौजूदगी को मजबूत करेगा, तकनीकी विकास की रफ्तार देगा और कंपनी को नए तेजी से बढ़ते अफ्रीकी बाजारों में कदम रखने में मदद करेगा। यह पूरा विस्तार पुणे, भारत में स्थित ग्लोबल टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग सेंटर से आने वाले तकनीकी और इंजीनियरिंग नवाचारों पर आधारित है।




इक्विटेन ग्रुप के तहत दूरदर्शी भारतीय उद्यमी गगन गुप्ता द्वारा स्थापित स्पाइरो ने बहुत तेजी से तरक्की की है और वह अफ्रीका की सबसे बड़ी ई-मोबिलिटी कंपनी बन गई है। कंपनी इस वक्त केन्या, रवांडा, युगांडा, टोगो, बेनिन, नाइजीरिया और कैमरून सहित सात प्रमुख बाजारों में 1,00,000 से अधिक इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलें और 2,500 ऑटोमेटेड बैटरी-स्वैपिंग स्टेशनों का विशाल नेटवर्क चला रही है।

**वैश्विक निवेशक अफ्रीका के तेजी से बढ़ते मोबिलिटी और ऊर्जा बदलाव का समर्थन कर रहे हैं**

जैसे-जैसे अफ्रीका की शहरी आबादी और यातायात की जरूरतें बढ़ रही हैं, इलेक्ट्रिक वाहन और बैटरी-स्वैपिंग इकोसिस्टम तेजी से महाद्वीप के सबसे भरोसेमंद इंफ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा निवेश के अवसरों में से एक बनकर उभर रहे हैं।

आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करना, अपनी ऊर्जा और उद्योगों को आत्मनिर्भर बनाना और शहरों के परिवहन तंत्र को आधुनिक बनाना पूरे अफ्रीका में रणनीतिक प्राथमिकताएं बनती जा रही हैं। यही वजह है कि ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर, अफ्रीका की आर्थिक मजबूती और औद्योगिक विकास का एक अहम आधार बन रहा है। ईंधन की बढ़ती कीमतों, किफायती परिवहन की बढ़ती मांग और स्वच्छ ऊर्जा समाधानों के लिए बढ़ते नीतिगत समर्थन के चलते निवेशक तेजी से ऐसे बड़े पैमाने के ईवी प्लेटफॉर्म का साथ दे रहे हैं, जो अफ्रीका के शहरी और औद्योगिक विकास के अगले दौर को गति दे सकते हैं।

राइडर्स के लिए इसका आर्थिक असर तुरंत दिखाई देता है। स्पाइरो का इलेक्ट्रिक वाहन चलाने से रोजाना की आवाजाही की लागत 40% तक कम हो सकती है, जिससे पेट्रोल या डीजल वाली मोटरसाइकिलों के मुकाबले हर दिन 2 डॉलर तक की बचत होती है। केन्या में स्पाइरो के कामकाज पर हाल ही में किए गए और तीसरे पक्ष द्वारा प्रमाणित लाइफसाइकिल आकलन के नतीजे अफ्रीकी शहरों में ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास से पर्यावरण को मिलने वाले फायदों को और स्पष्ट करते हैं। स्पाइरो की इलेक्ट्रिक बाइक पेट्रोल या डीजल मोटरसाइकिलों के मुकाबले जलवायु पर पड़ने वाले असर में 72% की कमी लाती हैं, जो एक वाहन के पूरे जीवनकाल में करीब 19 टन $CO_2$ उत्सर्जन रोकने के बराबर है। अध्ययन में ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले प्रभाव में 80% की कमी और पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) उत्सर्जन में 20% की कमी भी सामने आई। यह तेजी से बढ़ते शहरों में हवा की गुणवत्ता सुधारने और सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम कम करने में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की अहम भूमिका को उजागर करता है।

# गर्मियों में ठंडक की रोज़ाना खुराक: डाबर रीयल कोकोनट वाटर

**उदयपुर | बिजनेस रेमेडीज**

देश भर में बढ़ते तापमान को देखते हुए, भारत की प्रमुख आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने 'रियल एक्टिव कोकोनट वॉटर' को हाइड्रेटेड रहने के एक बेहतरीन प्राकृतिक समाधान के रूप में पेश किया है। बेहतरीन नारियलों से तैयार इस नारियल पानी में अलग से कोई चीनी नहीं मिलाई गई है और यह प्राकृतिक इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर है। बाजार में मौजूद ज्यादा चीनी वाले कोल्ड ड्रिंक्स और सोडा के मुकाबले, कंपनी ने इसे एक फैट-फ्री और लो-कैलोरी ड्रिंक के तौर पर एक बेहतरीन विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया है।

डाबर इंडिया लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट- मार्केटिंग, मयंक कुमार ने कहा, 'रियल एक्टिव कोकोनट वॉटर गर्मियों का एक परफेक्ट साथी है, जो शरीर को नेचुरल इलेक्ट्रोलाइट्स देकर थकान दूर करता है और पानी की कमी पूरी करता है। इसमें अलग से चीनी नहीं मिलाई गई है, इसलिए आप इसे बिना किसी फि के पी सकते हैं। इसके प्राकृतिक शीतलन गुण पाचन में सहायता करके और त्वचा की नमी को बनाए रखकर गर्मियों में स्वास्थ्य का ख्याल रखते हैं। अब इसे अधिकतम सुविधा के लिए नए रूप में पेश किया गया है, जिसके विभिन्न पैक साइज यह सुनिश्चित करते हैं कि चलते-फिरते उपभोक्ताओं के लिए यह ताज़गी भरा और स्वास्थ्यवर्धक विकल्प कभी भी और कहीं भी उपलब्ध हो सके।'




डाबर इंडिया लिमिटेड की जी.एम. मार्केटिंग-फूड्स, मोनीषा पराशर ने कहा, भीषण गर्मी के दौरान, ज्यादातर लोग अनजाने में चीनी से भरे कोल्ड ड्रिंक्स और सोडा पीने लगते हैं, जबकि उन्हें यह एहसास नहीं होता कि इसके हर गिलास में लगभग 5 क्यूब्स चीनी होती है। इसके विपरीत, नो एडेड शुगर वाला 'रियल एक्टिव कोकोनट वॉटर' ताजगी और हाइड्रेशन देता है। इसमें नारियल पानी की शुद्धता और प्राकृतिक इलेक्ट्रोलाइट्स मौजूद हैं। हमारा लक्ष्य उपभोक्ताओं को एक सुविधाजनक, स्वच्छ और प्राकृतिक ड्रिंक उपलब्ध कराना है, जो उनके एक्टिव लाइफस्टाइल में पूरी तरह फिट बैठ सके-चाहे वे जिम में हों, ऑफिस में हों या फिर सफर कर रहे हों। प्यास बुझाने के साथ-साथ, रियल एक्टिव कोकोनट वॉटर सेहत का एक पूरा पैकेज है। इसके प्राकृतिक ठंडे गुण पाचन तंत्र को आराम देते हैं और भीषण गर्मी में भी आपको तरोताजा रखते हैं। यह आपके शरीर को अंदरूनी रूप से हाइड्रेट कर त्वचा में प्राकृतिक निखार लाने में मदद करता है। चूंकि इसमें फैट, नो एडेड शुगर या कोई बनावटी स्वाद नहीं है, इसलिए आप बिना किसी चिंता के इसे अपनी डेली फिटनेस का हिस्सा बना सकते हैं। रियल एक्टिव कोकोनट वॉटर 200 मिली और 1 लीटर के टेट्रा पैक और पेट बोतलों में उपलब्ध है। इसे आप अपने नजदीकी स्टोर या ऑनलाइन साइट्स से 30 रुपया से 178 रुपया की कीमत पर खरीद सकते हैं।

# द फीनिक्स मिल्स लिमिटेड ने फीनिक्स मार्केटसिटी पुणे को नए रूप में पेश किया, अब बनेगा फीनिक्स एवेन्यू ऑफ स्टार्स

**नई दिल्ली | बिजनेस रेमेडीज**

द फीनिक्स मिल्स लिमिटेड ने फीनिक्स मार्केटसिटी पुणे को नया रूप देकर 'फीनिक्स एवेन्यू ऑफ स्टार्स' बनाने की घोषणा की है। यह बदलाव पुणे के प्रमुख रिटेल और लाइफस्टाइल केंद्रों के विकास में बड़ा बदलाव माना जा रहा है। यह बदलाव कंपनी की उस योजना का हिस्सा है, जिसके तहत वह ग्राहकों की बदलती पसंद और शहरों में बढ़ती आधुनिक लाइफस्टाइल के अनुसार अपने डेस्टिनेशन्स को लगातार बेहतर और प्रीमियम बनाती रहती है। पिछले कुछ सालों में फीनिक्स मार्केटसिटी पुणे शहर में एक प्रमुख शॉपिंग और मनोरंजन केंद्र बन गया है, जहाँ लोग फैशन, खाने-पीने और मनोरंजन का आनंद लेते हैं। अब इसे 'फीनिक्स एवेन्यू ऑफ स्टार्स' के रूप में नया रूप दिया जा रहा है, जो इसके विकास का अगला चरण है।

इसमें एक अलग और आधुनिक आर्किटेक्चरल डिजाइन, बेहतर ग्राहक सुविधाएँ और प्रीमियम ब्रांड शामिल किए गए हैं, जो इसकी मौजूदा पहचान और महत्व को और मजबूत बनाते हैं।



फीनिक्स एवेन्यू ऑफ स्टार्स की नई पहचान प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स, आकर्षक और आधुनिक डिजाइन, तथा लोगों को बेहतर और यादगार अनुभव देने वाले माहौल से प्रेरित है, जो पुणे की तेजी से बदलती लाइफस्टाइल को दर्शाता है। इस बदलाव के साथ फीनिक्स एवेन्यू ऑफ स्टार्स ने पश्चिम भारत के प्रमुख शॉपिंग और मनोरंजन केंद्रों में अपनी पहचान और भी मजबूत कर ली है। यहां अब पूरे क्षेत्र से लोग खरीदारी, खाने-पीने और मनोरंजन के लिए आते हैं। इस नए बदलाव के तहत इस जगह को पूरी तरह से नया रूप दिया गया हैं।

इसमें आकर्षक प्रवेश द्वार बनाया गया है, बिल्डिंग के बाहरी डिजाइन (फसाड) को बेहतर बनाया गया है और डिजाइन से जुड़े कई बदलाव किए गए हैं। इससे इसकी खूबसूरती और ग्राहकों का अनुभव पहले से बेहतर हो गया है। यह बदलाव द फीनिक्स मिल्स लिमिटेड की उस सोच को भी दर्शाता है, जिसमें कंपनी ऐसे विश्वस्तरीय स्थान बनाना चाहती है जहाँ शॉपिंग, खाना-पीना और मनोरंजन सभी सुविधाएँ एक ही जगह पर मिलें। आज फीनिक्स एवेन्यू ऑफ स्टार्स में कई अंतरराष्ट्रीय और प्रीमियम ब्रांड्स मौजूद हैं, जिनमें यूनिक्लो, माइकल कोर्स, विक्टोरिया'स सीक्रेट, शांतनु और निखिल, अरमानी एक्सचेंज और पॉल जैसे नाम शामिल हैं। इसके अलावा यहां लग्जरी घड़ियों और ज्वेलरी के विशेष ज़ोन, बेहतर खाने-पीने के विकल्प और नए अनुभव देने वाले स्टोर्स भी जोड़े जा रहे हैं। हाल ही में यहां पुणे का पहला आईकिया स्टोर भी शुरू हुआ है। आने वाले समय में कोच, ह्यूगो, स्वॉच और लेगो जैसे ग्लोबल ब्रांड्स भी यहां शुरू होने वाले हैं, जिससे इसका प्रीमियम शॉपिंग अनुभव और बेहतर होगा।

प्रकाशक एवं मुद्रक पुनीत जैन द्वारा सिंघवी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स सेक्टर नं.11, अग्रवाल फार्म मानसरोवर जयपुर-302020 जयपुर से मुद्रित एवं 217, सैकंड फ्लोर, ओके प्लस स्क्वायर, सेक्टर 7, मानसरोवर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक : पुनीत जैन मो. 9929106227, आर.एन.आई नं.: RAJHIN/2013/54166· पोस्टल रजि. नं. जयपुर सिटी/006/2024-26, E-Mail: remediesbusiness@gmail.com